RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक-197 जयपुर, मंगलवार, 20 जनवरी 2026 मूल्य-4 रुपये

पश्चिमी बंगाल में एसआईआर पर चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश

## विसंगति सूची वाले करीब 1.25 करोड़ मतदाताओं के नाम करें सार्वजनिक

नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में चल रहे मतदाता सूची के (एसआईआर) को लेकर चर्चा तेज होती ही जा रही है। इसी बीच इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को चुनाव आयोग (ईसी) को अहम निर्देश दिया है। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि पश्चिम बंगाल में जिन मतदाताओं के नाम तार्किक विसंगति (लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी) की सूची में हैं, उनकी जानकारी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित की जाए। अदालत ने कहा कि यह सूची ग्राम पंचायत भवनों, तालुका स्तर के ब्लॉक कार्यालयों और वार्ड कार्यालयों में लगाई जाए, ताकि आम लोग इसे आसानी से देख सकें।



### पूरी प्रक्रिया पारदर्शी हो

बता दें, सुप्रीम कोर्ट यह मामला उन याचिकाओं पर सुन रहा था, जिनमें आरोप लगाया गया है कि पश्चिम बंगाल में चल रही मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में मनमानी और प्रक्रियागत खामियां हैं। अदालत ने कहा कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, निष्पक्ष और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने वाली होनी चाहिए, ताकि किसी भी योग्य मतदाता का नाम गलत तरीके से मतदाता सूची से न हटे।

सुप्रीम कोर्ट ने यह भी बताया कि पश्चिम बंगाल में करीब 1.25 करोड़ मतदाताओं के नाम इस तार्किक विसंगति सूची में दर्ज हैं। बता दें कि अदालत ने स्पष्ट किया कि यह विसंगतियां मुख्य रूप से 2002 की मतदाता सूची से वंश (प्रोजेनी) मिलान के दौरान सामने आई हैं। इसमें मतदाता और उसके माता-पिता के नाम में मेल न होना, मतदाता और उसके माता-पिता की उम्र का अंतर 15 साल से कम या 50 साल से ज्यादा होना जैसे प्रावधान शामिल है।

मामले में मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि जिन लोगों के नाम स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया से प्रभावित हो सकते हैं, उन्हें अपने दस्तावेज और आपत्तियां दर्ज कराने का पूरा अवसर दिया जाए। अदालत ने निर्देश दिया कि दस्तावेज और आपत्तियां जमा करने के लिए पंचायत भवनों और ब्लॉक कार्यालयों में विशेष काउंटर/कार्यालय बनाए जाएं।

### राज्य सरकार और पुलिस की जिम्मेदारी

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार चुनाव आयोग को पर्याप्त मानव संसाधन (स्टाफ) उपलब्ध कराए। हर जिले में चुनाव आयोग या राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाए। राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) यह सुनिश्चित करें कि पूरी प्रक्रिया के दौरान कानून-व्यवस्था की कोई समस्या न हो और काम शांतिपूर्ण ढंग से पूरा हो।

### इन आरोपों के बाद सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट यह मामला उन याचिकाओं पर सुन रहा था, जिनमें आरोप लगाया गया है कि पश्चिम बंगाल में चल रही मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया में मनमानी और प्रक्रियागत खामियां हैं। अदालत ने कहा कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, निष्पक्ष और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने वाली होनी चाहिए, ताकि किसी भी योग्य मतदाता का नाम गलत तरीके से मतदाता सूची से न हटे।

एसआईआर के तहत आयोग सिर्फ यह तय करता है कि कोई व्यक्ति वोटर लिस्ट में रहने के योग्य है या नहीं। इससे सिर्फ नागरिकता वेरिफाई की जाती है। SIR से किसी का डिपोर्टेशन नहीं होता, क्योंकि देश से बाहर निकालने का अधिकार केवल केंद्र सरकार के पास है।

## नितिन नबीन निर्विरोध भाजपा के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष

नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो गई है। नितिन नवीन निर्विरोध भाजपा अध्यक्ष चुने गए हैं। भाजपा की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व के अंतर्गत राष्ट्रीय अध्यक्ष के नामांकन की संवैधानिक और पारदर्शी प्रक्रिया पूर्ण हुई। 36 में से 30 राज्यों में संगठनात्मक चुनावों के बाद तय प्रक्रिया के अनुसार नामांकन, जांच और वापसी सम्पन्न हुई। भाजपा संगठन पर्व के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी डॉ. के. लक्ष्मण की ओर से जारी बयान में कहा गया है, नामांकन पत्रों की जांच के उपरांत सभी नामांकन पत्र निर्धारित प्रारूप के अनुसार तथा वैध पाए गए। नामांकन वापसी की अवधि पूर्ण होने के पश्चात, भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी के रूप में यह घोषणा करता हूं कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद हेतु केवल एक ही नाम, अर्थात नितिन नवीन का नाम प्रस्तावित हुआ है। इसके बाद यह तय हो गया है कि नितिन नवीन ही भाजपा के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए हैं।



### रक्षा मंत्री और गृह मंत्री शाह समेत कई दिग्गज रहे मौजूद

इससे पहले भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने अपना समर्थन पत्र सौंपा।रिपोर्ट्स के मुताबिक नवीन के नामांकन का समर्थन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने किया है।भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह के अलावा सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के अलावा धर्मेंद्र प्रधान, भूपेंद्र यादव और किरेन रिजिजू जैसे वरिष्ठ पार्टी नेता भी नवीन के नामांकन के समय मौजूद रहे।

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और अन्य राज्य नेताओं ने भी नवीन के समर्थन में नामांकन पत्रों का एक सेट जमा किया। नामांकन प्रक्रिया के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पुष्कर सिंह धामी, नायब सिंह सैनी और प्रमोद सावंत भी उपस्थित रहे। बिहार, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, असम, झारखंड और अन्य राज्यों के नेताओं ने भी नवीन के समर्थन में नामांकन पत्र जमा किए।

सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान हाईकोर्ट के आदेश पर लगाई रोक

## राजस्थान में हाईवे से 500 मीटर के दायरे में नहीं हटेंगी शराब की दुकानें

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान हाईकोर्ट जोधपुर पीठ के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें नगर निगम और शहरी निकायों की सीमाओं के भीतर राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों की 500 मीटर की परिधि से 1102 शराब की दुकानों को हटाने या स्थानांतरित करने का आदेश दिया था।

राजस्थान सरकार और शराब के लाइसेंस धारकों ने राजस्थान हाईकोर्ट के 24 नवंबर, 2025 के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि वह राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों से 500 मीटर की परिधि में स्थित सभी शराब दुकानों की पहचान कर उन्हें हटाए एवं स्थानांतरित करे, भले ही वे नगर निगम सीमा, स्वशासी निकायों या वैधानिक विकास प्राधिकरणों के अंतर्गत आती हों। हाईकोर्ट ने कहा था नगर सीमाओं का विस्तार सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों को शिथिल करने का आधार नहीं बन सकता और राजमार्गों के पास शराब की उपलब्धता से कथित रूप से जुड़े बढ़ते सड़क हादसों पर गंभीर चिंता व्यक्त की थी।

## कर्नाटक के सीनियर पुलिस अधिकारी का अश्लील वीडियो वायरल

### सीएम सिद्धारमैया बोले- अगर दोषी मिले तो एक्शन लेंगे

बेंगलुरु

कर्नाटक पुलिस के डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) (सिविल राइट्स एनफोर्समेंट) का अश्लील वीडियो वायरल है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक वीडियो में डीजीपी रामचंद्र राव कई महिलाओं के साथ आपत्तिजनक हालत में नजर आ रहे हैं।

वीडियो सामने आने के बाद मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि अगर अधिकारी दोषी पाए गए तो कार्रवाई की जाएगी। वीडियो वायरल होने के बाद डीजीपी गृह मंत्री जी परमेश्वर से मिलने पहुंचे लेकिन उनकी मुलाकात नहीं हो सकी। गृहमंत्री के घर से निकलने के बाद डीजीपी ने पत्रकारों से कहा कि वीडियो झूठा और मॉर्फ्ड है। उन्होंने कहा कि आगे के एक्शन के बारे में वकील से बात करेंगे।



मंत्री के घर के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए डीजीपी ने कहा- मैं भी सोच रहा हूं कि यह कैसे और कब हुआ और किसने किया। इस जमाने में कुछ भी हो सकता है। मुझे इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है।

पत्रकारों ने पूछा कि क्या यह पुराना वीडियो है, तो उन्होंने कहा- पुराना मतलब, आठ साल पहले जब मैं बेलगावी में था।

उन्होंने आगे कहा कि वह गृह मंत्री को समझाएंगे कि गलत जानकारी फैलाई जा रही है। कर्नाटक की मंत्री लक्ष्मी हेब्बलकर ने कहा कि अगर किसी ने कुछ गलत किया है तो सरकार कार्रवाई करेगी।

सीनियर बीजेपी विधायक और पूर्व मंत्री एस सुरेश कुमार ने कहा कि पुलिस अधिकारी का ये शर्मनाक काम माफ ना करने लायक अपराध है।

कुमार ने कहा- राव ने ऐसा काम किया है जिससे पूरे पुलिस विभाग पर दाग लगा है। इस सीनियर अधिकारी ने वर्दी में और अपने ही ऑफिस में जो काम किया है, उससे लोग पुलिस विभाग को ही शक की नजर से देख रहे हैं।

## ब्रह्माकुमारी संस्था विवादों में, मॉडल-एक्टर ने लगाए गंभीर आरोप

**जयपुर।** विश्व के 140 से अधिक देशों में सक्रिय ब्रह्माकुमारी संस्था एक बार फिर विवादों के घेरे में है। राजस्थान के सिरोही जिले के आबू रोड स्थित ब्रह्मकुमारी आश्रम को लेकर गुजरात की मॉडल-एक्टर ने दुष्कर्म, ब्लैकमेलिंग, मानसिक उत्पीड़न और संस्थागत दबाव जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। युवती ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपने आरोप सार्वजनिक किए, जबकि संस्था की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

पीड़िता का आरोप है कि आश्रम से जुड़े अमित राठौड़ ने उसके साथ दुष्कर्म किया। वहीं सिक्योरिटी इंचार्ज सती सहित अन्य लोगों पर मामले को दबाने, धमकाने और करियर बर्बाद करने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। युवती के अनुसार आश्रम से जुड़े लोगों के संपर्क में आने के बाद उसे एक कार्यक्रम के दौरान प्रसाद दिया गया, जिसके बाद उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई, दृष्टि धुंधली होने लगी और शारीरिक नियंत्रण कमजोर पड़ गया। उसका आरोप है कि इसी अवस्था का फायदा उठाकर उसके साथ जबरदस्ती की गई। बाद में जब उसने सवाल उठाए तो आरोपी ने घटना से इनकार किया, लेकिन फिर वीडियो कॉल, मैसेज और धमकियों के जरिए उसे चुप रहने को मजबूर किया गया।

## राजस्थान की 29 महिलाओं से 96 लाख की ठगी

### पति-पत्नी ने साड़ी, सेनेटरी नैपकिन और चूड़ी की मशीन लगाने का झांसा दिया

भरतपुर

भरतपुर में 29 महिलाओं से 96 लाख की ठगी का मामला सामने आया है। ठग पति-पत्नी ने महिलाओं को चूड़ी, साड़ी और सेनेटरी पैड लगाने की मशीन देने के नाम पर ठगी की। मशीन की जगह महिलाओं को मशीनों के कुछ पार्ट्स दे दिए। मशीन के लिए कहने पर टाल-मटोल करते रहे।

महिलाओं ने इसकी शिकायत राजीविका ने अधिकारियों से की तो



कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। आरोप है कि अधिकारियों ने भी उनके फोन उठाने बंद कर दिए। इसके बाद महिलाओं ने थाने में शिकायत दी।

मामला भरतपुर के पहाड़ी थाना इलाके का है। महिलाओं ने शिकायत रविवार को दी थी और सोमवार को इसपर कार्रवाई को लेकर थाने के बाहर पहुंच गई।

पहाड़ी थाना SHO योगेंद्र सिंह ने बताया- मामले में जांच जारी है। महिलाओं ने शिकायत दी है। पूछताछ कर रहे हैं।

महिलाओं ने थाने में दी शिकायत में बताया- पहाड़ी ब्लॉक में राजीविका के 1 हजार से ज्यादा समूह चल रहे हैं। अप्रेल 2025 में जिला कार्यालय राजीविका के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर निखिल और डिस्ट्रिक्ट मैनेजर लाइव नॉन फार्म रिचा यादव ने कुछ महिलाओं को कार्यालय बुलाया था। दोनों ने महिलाओं को शिव सिन्हा नाम के व्यक्ति से मिलवाया था।

## हाईकोर्ट का कुलदीप सेंगर की सजा पर रोक से इनकार

**उन्नाव।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को रेपिस्ट कुलदीप सिंह सेंगर की सजा निलंबन की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। उसे उन्नाव रेप पीड़ित के पिता की पुलिस हिरासत में मौत मामले में ट्रायल कोर्ट ने 10 साल के कठोर कारावास और 10 लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई थी। हाईकोर्ट ने कहा था कि परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य की हिरासत में मौत के मामले में कोई नरमी नहीं बरती जा सकती। सेंगर के भाई अतुल सिंह सेंगर और पांच अन्य लोगों को भी 10 साल की जेल की सजा दी गई थी।

## ट्रम्प बोले- नोबेल नहीं मिला, अब शांति पर भरोसा नहीं

वॉशिंगटन डीसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर को एक चिट्ठी लिखी है, जिसमें नोबेल न मिलने की शिकायत की गई है। पोलिटिको की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प ने लिखा कि 8 जंग रुकवाने के बावजूद उन्हें नोबेल नहीं मिला। इसलिए अब उन्होंने शांति के बारे में सोचना छोड़ दिया है। ट्रम्प ने आगे लिखा- शांति जरूरी है, लेकिन अब वह यह भी सोचेंगे कि अमेरिका के हित में क्या सही है। ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की उनकी कोशिश की एक वजह नोबेल शांति पुरस्कार न मिलना भी



है। इसकी वजह से उनके फैसले पर भी असर पड़ रहा है।

नॉर्वे के पीएम ने ट्रम्प की चिट्ठी मिलने की पुष्टि की है। दरअसल, उन्होंने और फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब ने मिलकर ट्रम्प को टैरिफ बढ़ाने के फैसले के विरोध में एक चिट्ठी भेजी थी। इसके जवाब में ट्रम्प ने नोबेल न मिलने की शिकायत कर दी।

ट्रम्प ने चिट्ठी में आगे लिखा- डेनमार्क उस जमीन (ग्रीनलैंड) को रूस या चीन से बचा नहीं सकता। फिर सवाल यह है कि उनका उस पर मालिकाना हक आखिर क्यों है? ऐसा कोई लिखित दस्तावेज नहीं है। बस इतना है कि सैकड़ों साल पहले वहां उनकी एक नाव पहुंची थी, लेकिन हमारी नावें भी वहां पहुंची थीं। ट्रम्प ने आगे लिखा कि NATO की स्थापना के बाद से उन्होंने किसी से भी ज्यादा NATO के लिए काम किया है। अब NATO को भी अमेरिका के लिए कुछ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुनिया तब तक सुरक्षित नहीं है, जब तक ग्रीनलैंड पर अमेरिका का पूरा कब्जा नहीं हो जाता।

## गडकरी बोले- पुराने लोगों को रिटायर होना चाहिए

नागपुर

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि पुराने जनरेशन के लोगों को धीरे-धीरे रिटायरमेंट ले लेना चाहिए। उन्हें नई पीढ़ी को जिम्मेदारी सौंपनी चाहिए और उनका मार्गदर्शन करना चाहिए।

गडकरी रविवार को नागपुर में एसोसिएशन फॉर इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट इवेंट के दौरान 'एडवांटेज विदर्भ-खासदार औद्योगिक महोत्सव' को लेकर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। इसे AID के अध्यक्ष आशीष काले ने आयोजित किया था।

## पीएम मोदी-शेख नाहयान के बीच 9 बड़े समझौते

### मोदी ने प्रोटोकॉल तोड़कर एयरपोर्ट पर यूएई राष्ट्रपति को रिसीव किया

नई दिल्ली

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान सोमवार को भारत के आधिकारिक दौरे पर नई दिल्ली पहुंचे। जहां पीएम मोदी ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। इसके बाद पीएम मोदी ने अपने निवास लोक कल्याण मार्ग पर अल नाहयान के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान दोनों देशों के बीच कई मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग पर हस्ताक्षर किए गए और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई।



विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने यूएई की उस पहल की सराहना की, जिसमें राष्ट्रीय समुद्री धरोहर परिसर के लिए ऐतिहासिक कलाकृतियां लोटल में प्रदान की जाएंगी। दोनों देशों ने ध्रुवीय विज्ञान, संयुक्त अभियान और संस्थागत सहयोग जैसे क्षेत्रों में भी मिलकर काम करने पर सहमति जताई।

**मोदी ने नक्काशीदार झूला और पश्मीना शॉल गिफ्ट की**

पीएम ने सोमवार शाम राष्ट्रपति शेख जायद और उनके परिवार का दिल्ली में अपने आवास लोक कल्याण मार्ग पर स्वागत किया। मोदी ने उन्हें गुजरात का एक शाही नक्काशीदार लकड़ी का झूला और कश्मीर की पश्मीना शॉल तेलंगाना में बने चांदी के डिब्बे में रखकर गिफ्ट की।

यह पश्मीना शॉल बहुत ही बारीक ऊन से हाथ से बनाई जाती है और हल्की, मुलायम और गर्म होती है। यह उपहार भारत की हथकरघा और हस्तशिल्प परंपरा को दर्शाता है।

मोदी ने राष्ट्रपति की मां शेखा फातिमा बिंत मुबारक अल केतबी को भी एक पश्मीना शॉल तोहफे में दी। इसके साथ ही उन्हें कश्मीरी घाटी में उगा केसर भी भेंट किया। यह केसर अपनी गहरी लाल रंगत और खुशबू के लिए जाना जाता है।

### पीएम मोदी ने शेख मोहम्मद को किया धन्यवाद

विक्रम मिस्री ने आगे कहा कि यूएई में लगभग 45 लाख भारतीय मूल के लोग रहते और काम करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति शेख मोहम्मद का इन भारतीय नागरिकों की भलाई और हितों की देखभाल के लिए धन्यवाद किया। इसके अलावा, दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया के क्षेत्रीय मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की और क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और समृद्धि बढ़ाने के प्रयासों का समर्थन किया।

भारत और यूएई ने 2032 तक सालाना व्यापार 200 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया।

पीएम मोदी और यूएई राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के बीच दिल्ली में अहम द्विपक्षीय वार्ता हुई। दोनों नेताओं ने रणनीतिक रक्षा साझेदारी के लिए एक लेटर ऑफ इंटेंट पर सहमति जताई। ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने का फैसला, यूएई हर साल भारत को 5 लाख मीट्रिक टन स्हल देगा।

विदेश मंत्री एस जयशंकर की पौलेंड के डिप्टी पीएम से मुलाकात की

## पोलैंड हमारे पड़ोस में आतंक को बढ़ावा न दे: जयशंकर

नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को पोलैंड को कड़ा और साफ संदेश देते हुए कहा कि आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस अपनाएं। भारत के पड़ोस में किसी भी तरह के आतंकी ढांचे को बढ़ावा नहीं दें।

जयशंकर ने यह बयान नई दिल्ली में पोलैंड के विदेश मंत्री और उप प्रधानमंत्री रादोस्लाव सिकोर्स्की से बातचीत के दौरान दिया।

सिकोर्स्की ने अक्टूबर में पाकिस्तान की यात्रा की थी। इस दौरान वहां के विदेश मंत्री इशाक डार के साथ जारी संयुक्त बयान में कश्मीर का जिक्र किया गया था, जिस पर भारत ने आपत्ति जताई।

जयशंकर ने यूक्रेन संकट को लेकर भारत पर हो रही 'चयनात्मक और अनुचित आलोचना' पर भी नाराजगी जताई। दरअसल पश्चिमी देशों की ओर से रूस के साथ भारत के ऊर्जा संबंधों को लेकर भारत की आलोचना की जा रही है।



रादोस्लाव सिकोर्स्की ने भी यूक्रेन मुद्दे पर भारत को लेकर की जा रही आलोचना को अनुचित और चयनात्मक बताया और इस पर जयशंकर से सहमति जताई।

### बैठक में व्यापार, निवेश और रक्षा-सुरक्षा पर चर्चा

बैठक में दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश, रक्षा-सुरक्षा, स्वच्छ तकनीक और डिजिटल नवाचार में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। जयशंकर ने बताया कि भारत-पोलैंड द्विपक्षीय व्यापार करीब लगभग 58,100 करोड़ तक पहुंच चुका है, जो पिछले एक दशक में लगभग 200% बढ़ा है।

## मौनी अमावस्या पर हादसा, घने कोहरे के कारण श्रद्धालुओं से भरी जीप पलटी, पांच घायल

देवरिया (एजेंसी)। मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर सरयू नदी में स्नान करने जा रहे श्रद्धालुओं के साथ रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। मईल थाना क्षेत्र के पिपरा रामधर और जोगापुर गांव के समीप घने कोहरे के कारण श्रद्धालुओं से भरी एक जीप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। इस दुर्घटना में जीप सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। मिली जानकारी के अनुसार, श्रद्धालु सलेमपुर से जीप में सवार होकर बरहज स्नान के लिए निकले थे। सुबह के समय दृश्यता कम होने और घना कोहरा होने के कारण चालक वाहन पर अपना नियंत्रण खो बैठा और गाड़ी पलट गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और स्थानीय लोग बचाव के लिए दौड़े। घायलों में लार थाना क्षेत्र के धवरिया निवासी रामप्रवेश चौहान और उनकी पत्नी चुन्नी देवी, जबकि सलेमपुर के रंभा देवी, प्रभुनाथ और उनकी पत्नी गीता देवी शामिल हैं। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलेमपुर पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने प्रभुनाथ और रंभा देवी की नाजुक स्थिति को देखते हुए उन्हें देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। घटना के बाद से मौके पर अफरा-तफरी का माहौल रहा और पुलिस प्रशासन को सूचित किया गया।

## बिहार में जज की पत्नी को मारी गोली, कोर्ट में आई थी गवाही देने

### -पति से चल रहा है तलाक का केस, देवरों समेत चार लोग में किया हमला

पटना (एजेंसी)। बिहार के समस्तीपुर में तैनात जज संतोष कुमार साह की पत्नी वंदना को झारखंड में गोली मारी गई है। उन्हें दो गोली लगी है। वंदना का गोड्डा कोर्ट में पति से तलाक का केस चल रहा है। संतोष कुमार साह पटोरी अनुमंडल में न्यायिक जज हैं। वंदना का कहना है कि वो शनिवार को अदालत से लौट रही थी। इस दौरान बाइक पर सवार दो बदमाशों ने उसका पीछा किया और अचानक फायरिंग कर दी। गोली लगते ही वंदना सड़क पर गिर गईं, जबकि हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक गोली मारने वालों में महिला के दो देवर भी शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन महिला की हालत को देखते हुए उसे भागलपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक वंदना कुमारी हनवारा थाना क्षेत्र के पुराना गांव की रहने वाली है। वंदना ने अपने ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की प्राथमिकी दर्ज कराई है, जिसकी सुनवाई गोड्डा कोर्ट में चल रही है। शनिवार को वह मामले में गवाही देने कोर्ट आई थीं। गवाही के बाद शाम में अपने मायके लौटते समय दो बाइक सवारों ने गोली चला दी। एक गोली जबड़े में, दूसरी पीठ में लगी। वंदना ने पुलिस को बताया कि हमलावर चार लोग थे, जिनमें उसके दो देवर भी शामिल हैं। इनमें से एक देवर का नाम गुड्डू साह बताया है।

## जम्मू-कश्मीर में दो अलग-अलग अभियानों में प्रतिबंधित पदार्थ जब्त, 3 तस्कर गिरफ्तार

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू कश्मीर पुलिस ने बडगाम जिले में दो अलग-अलग अभियानों में मादक पदार्थों समेत तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है उनके पास से चार किलोग्राम से ज्यादा प्रतिबंधित पदार्थ बरामद किया है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि बडगाम पुलिस ने मागम और हार्डपंजू क्षेत्रों में अभियान चलाया, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी मात्रा में अवैध पदार्थ बरामद हुआ। मागम में पुलिस की एक टीम ने बटपोरा क्रॉसिंग पर नियमित गश्त के दौरान एक व्यक्ति को पकड़ा। पुलिस ने बताया कि आरोपी के पास एक थैला था और पुलिस को देखते ही उसने भागने की कोशिश की, जिससे पुलिस को शक हुआ। उस व्यक्ति को दबोच लिया और तलाशी लेने पर उसके पास से करीब 2.1 किलोग्राम चरस जैसा पदार्थ बरामद हुआ है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान बटपोरा निवासी रौफ अहमद हाजम के रूप में हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक एक अलग अभियान में पुलिस ने बोनिजानिगम गांव में नाका स्थापित किया और जांच में दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोका। दोनों ने भागने की कोशिश की लेकिन उन्हें पकड़ लिया गया। उनकी पहचान इरफान अहमद मीर और ओवैस अहमद भट के रूप में हुई जो हरदुलतिना गांव के रहने वाले हैं। जब उनकी तलाशी ली तो उनके पास से 2.185 किलोग्राम चरस जैसी सामग्री बरामद हुई है। पुलिस ने दोनों मामलों में मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

## कार व ई-रिक्शा में भीषण टक्कर, तीन की मौत, चार गंभीर

हरिद्वार (एजेंसी)। हरिद्वार-लक्सर मार्ग पर फेरूपुर क्षेत्र में कार-ई-रिक्शा की भीषण टक्कर से तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ई-रिक्शा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मृतकों में कार चालक विकास कुमार (फेरूपुर), यात्री चरण सिंह (कलियर, रुड़की) और ई-रिक्शा चालक आस मुहम्मद (नसीरपुर खुर्द, लक्सर) हैं। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। मृतकों के स्वजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरु कर दी है।

## संगन स्नान कर लौट रहे परिवार की कार पलटी, एक की मौत पांच घायल

घाटमपुर (एजेंसी)। जहांनाबाद रोड पर नौरंगा गांव के पास रविवार सुबह एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक की मौत हो गई और एक ही परिवार के पांच लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को अस्पताल ले जाया गया। यहां से उन्हें कानपुर रेफर कर दिया। बजाया जा रहा है कि चालक को झपकी लगने से हादसा हुआ है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक श्रावस्ती जिले के थाना कटरा क्षेत्र स्थित मौलाना खासियरी गांव के रहने वाले एक परिवार कार से प्रयागराज संगम स्नान करने गया था। वहां से वे लोग घाटमपुर क्षेत्र में रहने वाले रिश्तेदार के घर आ रहे थे। रविवार सुबह नौरंगा के पास कार अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई। हादसे में कार में सवार चंद्रभान शुक्ला (46), केशरी नंदन (55), मनोज (40), राजन शुक्ला (30), नीतीश कुमार (32), भूरे (33) घायल हुए हैं। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को अस्पताल पहुंचाया। यहां से सभी घायलों को कानपुर रेफर कर दिया। जहां पर चंद्रभान की उपचार के दौरान मौत हो गई।

# प्रतिवर्ष हो रहीं 10 लाख मौतें... वर्ल्ड बैंक रिपोर्ट पर कांग्रेस हुई हमलावर, मोदी सरकार से पूछे सवाल

### -वायु प्रदूषण पर आधारित है रिपोर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में बढ़ते प्रदूषण को लेकर वर्ल्ड बैंक की हालिया रिपोर्ट के बाद सियासत तेज हो गई है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारत में वायु प्रदूषण के कारण हर साल करीब 10 लाख लोगों की समय से पहले मौत हो रही है। साथ ही इससे देश की अर्थव्यवस्था को भी भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस ने मोदी सरकार पर तीखा हमला बोला है।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर एक विस्तृत पोस्ट साझा कर कहा, कि आखिर मोदी सरकार कब तक सच्चाई से मुंह मोड़ती रहेगी। उन्होंने बताया कि वर्ल्ड बैंक की यह रिपोर्ट 'ए ब्रीथ ऑफ चेंज' शीर्षक से जारी की गई है, जो इंडो-गैंगेटिक मैदानों और हिमालय की तलहटी में वायु प्रदूषण की स्थिति पर आधारित है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस क्षेत्र में हर साल लगभग 10 लाख लोगों की समय से पहले मौत हो रही है और क्षेत्रीय जीडीपी का करीब 10 प्रतिशत आर्थिक नुकसान



हो रहा है।

जयराम रमेश ने कहा कि यह रिपोर्ट व्यापक, तथ्यात्मक और सबूतों पर आधारित है। इसमें कोयला आधारित पावर प्लांट्स के उत्सर्जन मानदंडों को सख्ती से लागू करने और सबसे पुरानी व प्रदूषणकारी इकाइयों को तेजी से बंद करने की सिफारिश की गई है। इसके अलावा रिपोर्ट में शहर-केंद्रित योजनाओं से आगे बढ़कर कानूनी रूप से सशक्त एयरशेड-आधारित गवर्नेंस अपनाने पर जोर दिया गया है।

कांग्रेस नेता ने यह भी बताया कि रिपोर्ट में पब्लिक ट्रांसपोर्ट के विस्तार और इलेक्ट्रिफिकेशन, वाहन उत्सर्जन मानकों को सख्त करने और ईंधन गुणवत्ता में सुधार की जरूरत पर भी जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में एक्यूआई से जुड़ा स्वास्थ्य संकट लगातार गहराता जा रहा है। ऐसे में कांग्रेस लगातार मांग कर रही है कि वायु प्रदूषण (नियंत्रण और रोकथाम) अधिनियम, 1981 और नेशनल एम्बिएंट एयर क्वालिटी स्टैंडर्ड्स (नाक्स), 2009 की समीक्षा की जाए, खासकर पीएम 2.5 पर फोकस के साथ।

इसके साथ ही कांग्रेस ने नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम (एनसीएपी) के बजट और भौगोलिक दायरे को बड़े स्तर पर बढ़ाने, प्रदर्शन के मूल्यांकन के लिए पीएम 2.5 को मानक बनाने और बिना किसी छूट या ढील के वायु प्रदूषण से जुड़े नियमों को सख्ती से लागू करने की मांग की है।

## अलीगढ़ स्टेशन पर बम की सूचना से हड़कंप, दिल्ली-पटना राजधानी एक्सप्रेस की हुई जांच पड़ताल

अलीगढ़ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ रेलवे स्टेशन पर बीती रात उस वक्त भारी अफरा-तफरी मच गई जब देश की प्रीमियम ट्रेनों में शुमार दिल्ली-पटना राजधानी एक्सप्रेस (तेजस रेक) को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इस सनसनीखेज सूचना के बाद सुरक्षा एजेंसियां तत्काल हाई अलर्ट पर आ गईं और करीब 31 मिनट तक पूरा रेलवे स्टेशन परिसर और जिला प्रशासन गहरे तनाव और दहशत के साये में रहा। घटना की शुरुआत तब हुई जब पुलिस कंट्रोल रूम को एक गुमनाम फोन आया, जिसमें कॉल करने वाले ने बेहद गंभीर दावा किया कि दिल्ली से पटना की ओर जा रही राजधानी तेजस एक्सप्रेस में विस्फोटक रखा गया है। सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल और स्थानीय पुलिस को अलर्ट मोड पर डाल दिया गया। ट्रेन उस समय अलीगढ़ क्षेत्र के करीब से गुजर रही थी, जिसे सुरक्षा कारणों से तुरंत अलीगढ़ स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर रुकवाया गया। ट्रेन के रुकते ही भारी संख्या में पुलिस बल और वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों ने मोर्चेबंदी कर ली। सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड की टीमों ने ट्रेन के एक-एक कोच, पैंट्री कार और टॉयलेट की गहन तलाशी ली। इस दौरान ट्रेन में सवार सैकड़ों यात्रियों और उनके सामान को भी पूरी तरह जांचा गया। करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत और बारीकी से की गई जांच के बाद अधिकारियों ने पुष्टि की कि ट्रेन में कोई भी संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक नहीं मिला है। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि यह केवल एक होक्स कॉल यानी फर्जी धमकी थी। हालांकि तलाशी में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला, लेकिन रेलवे प्रशासन ने कोई जोखिम नहीं लिया और ट्रेन को कड़ी सुरक्षा निगरानी के बीच पटना के लिए रवाना किया गया। साथ ही पटना के रेलवे अधिकारियों को भी सतर्क रहने के निर्देश दिए गए। इस फर्जी कॉल ने न केवल प्रशासन की नींद उड़ा दी, बल्कि देश की आधुनिक और लग्जरी तेजस-राजधानी जैसी ट्रेनों की सुरक्षा व्यवस्था और आपातकालीन तैयारियों को लेकर एक बार फिर गंभीर चर्चा छेड़ दी है।

## आरजेडी की 25 जनवरी को होने जा रही बड़ी बैठक, तेजस्वी यादव को मिल सकती है अहम जिम्मेदारी

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की अहम बैठक 25 जनवरी को पटना में आयोजित होने जा रही है। बिहार विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद यह पार्टी की पहली बड़ी बैठक मानी जा रही है, जिसमें संगठन और नेतृत्व से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसले लिए जा सकते हैं। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, इस बैठक में तेजस्वी यादव को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है।

सूत्रों का कहना है कि बैठक में तेजस्वी यादव को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर मुहर लग सकती है। इसकी मुख्य वजह राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की बढ़ती उम्र और उनका अस्वस्थ रहना बताया जा रहा है। हालांकि अभी भी पार्टी के अधिकांश अहम फैसलों में तेजस्वी की भूमिका केंद्रीय बनी हुई है, लेकिन औपचारिक तौर पर उन्हें नेतृत्व सौंपने की दिशा में यह बड़ा कदम माना जा रहा है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, कार्यकारिणी की बैठक में विधानसभा चुनाव के दौरान कथित भीतरघात करने वाले नेताओं पर भी कार्रवाई का फैसला लिया जा सकता है। चुनाव में अपेक्षाकृत खराब प्रदर्शन के बाद पार्टी नेतृत्व संगठन की कमजोरियों और आंतरिक मतभेदों की समीक्षा कर रहा है। माना जा रहा है कि अनुशासनहीनता और संगठनात्मक लापरवाही को लेकर सख्त रुख अपनाया जा सकता है। तेजस्वी यादव विदेश यात्रा से लौटने के बाद पूरी तरह से सक्रिय हो गए हैं। बीते गुरुवार और शुक्रवार को उन्होंने अपने पटना स्थित आवास पर लगातार दो दिनों तक पार्टी नेताओं के साथ बैठकें कीं। इन बैठकों में संगठन की मजबूती, विस्तार, बूथ स्तर पर सक्रियता और बिहार के मौजूदा राजनीतिक हालात पर विस्तार से चर्चा हुई। पार्टी सूत्रों का कहना है कि तेजस्वी जल्द ही राज्यव्यापी बिहार यात्रा पर निकल सकते हैं, जिस पर भी कार्यकारिणी की बैठक में अंतिम निर्णय लिया जा सकता है। गौरतलब है कि बिहार विधानसभा चुनाव में राजद को करारी हार का सामना करना पड़ा था। पार्टी केवल 25 सीटों पर सिमट गई थी, जबकि तेजस्वी यादव महागठबंधन के मुख्यमंत्री चेहरे थे।

# संबित पात्रा ने बताया ईडी छापे से क्यों घबरा रहीं हैं सीएम ममता बनर्जी

### -बांग्लादेशी-रोहिंग्याओं को पैसे लेकर नागरिकता देने का गंभीर आरोप

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने जहां एक ओर गंभीर आरोप लगाए हैं, वहीं भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा है कि ममता बनर्जी बांग्लादेशी-रोहिंग्याओं को नागरिकता दे रही हैं इसलिए ईडी के छापों से घबरा रही हैं। दरअसल नई दिल्ली में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने दावा किया कि ममता बनर्जी 10 हजार रुपये लेकर बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को भारतीय नागरिकता दिला रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य और देश के करोड़ों रुपए इसी अवैध गतिविधि में खर्च किए जा रहे हैं।

भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने शनिवार को आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा, कि बांग्लादेशी-रोहिंग्याओं को पैसे लेकर नागरिकता देने का काम कर रहीं हैं, इसी वजह से ममता बनर्जी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई से घबरा गई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आई-पेक दफ्तर पर ईडी की छापेमारी के दौरान तृणमूल कांग्रेस से जुड़े लोगों ने फाइलें जबरन छीनकर ले जाने की कोशिश की।



संबित पात्रा ने चेतावनी देते हुए कहा कि ममता बनर्जी बंगाल को बांटकर चुनाव नहीं जीत सकतीं। भाजपा प्रवक्ता ने हाल ही में मुर्शीदाबाद में हुए प्रदर्शन का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग-12 को ब्लॉक किया गया, रेल सेवाएं रोकी गईं और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया।

यहां पर संबित पात्रा ने सवाल उठाया कि क्या मुर्शीदाबाद भारत का हिस्सा नहीं है? उन्होंने आरोप लगाया कि जब ट्रेनें जलाई जा रही थीं, तब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसे अल्पसंख्यकों का गुस्सा बताकर सही ठहराने की कोशिश की। संबित पात्रा ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर भी ममता सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया देश के कई राज्यों में चल रही है और संसद में इस पर चर्चा भी हो चुकी है, लेकिन बंगाल में मुख्यमंत्री असंवैधानिक और हिंसक तरीकों से इसे रोकने का प्रयास कर रही हैं। संबित पात्रा ने आरोप लगाया कि बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) पर दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने बीएलओ अशोक दास की आत्महत्या का मामला उठाते हुए कहा कि टीएमसी की धमकियों से परेशान होकर अशोक दास ने आत्महत्या कर ली। पात्रा ने दावा किया कि अशोक दास की पत्नी ने तृणमूल कांग्रेस नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

संबित पात्रा ने कहा, कि जो बंगाल कभी 'सोनार बांग्ला' के नाम से जाना जाता था, वह आज 'रक्त-रंजित बांग्ला' बनता जा रहा है। टीएमसी नेता मोनिरुल इस्लाम के बयान पर संबित पात्रा ने कहा कि यह मामला राम-रहीम का नहीं, बल्कि बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों का है। उन्होंने आरोप लगाया कि सीमा सुरक्षा बल ने कई बार पत्र लिखे और बैठकें कीं, लेकिन बंगाल सरकार ने सहयोग नहीं किया। भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन तक नहीं दी जा रही। भाजपा ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस का इरादा बंगाल को कमजोर कर उसे बांग्लादेश से जोड़ने का है।

## ईरान से स्वदेश लौटे छात्रों ने बताई आप बीती कहा- डर में रहे घर पर खैरियत भी नहीं बता पाए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईरान में जारी व्यापक सरकार-विरोधी प्रदर्शनों और अस्थिरता के बीच भारतीय छात्रों और नागरिकों का स्वदेश लौटने का सिलसिला शुरू हो गया है। देर रात दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जब भारतीय छात्रों का जत्था उतरा, तो उनके चेहरों पर घर पहुंचने की खुशी और ईरान में बिताए गए खौफनाक दिनों का तनाव साफ झलक रहा था। तेहरान, अराक, कौम, शिराज और मशहद जैसे प्रमुख शहरों से लौटे इन छात्रों ने वहां के जो हालात बयां किए हैं, वे रूह कंपा देने वाले हैं। छात्रों के अनुसार, ईरान की राजधानी तेहरान सहित कई बड़े शहरों की सड़कों पर भारी संख्या में सुरक्षाबल गश्त कर रहे हैं, बाजार पूरी तरह बंद हैं और आम नागरिक डर के साए में अपने घरों में कैद रहने को मजबूर हैं।

तेहरान मेडिकल यूनिवर्सिटी में एमबीबीएस की छात्रा जोया सैय्यद ने अपनी आपबीती सुनाते हुए बताया कि वहां देखते ही देखते हालात इतने बिगड़ गए कि भविष्य धुंधला नजर आने लगा। सबसे बड़ी चुनौती संचार के साधनों का ठप होना थी, इंटरनेट और फोन सेवाएं बार-बार बंद होने के कारण छात्र भारत में अपने परिजनों को यह भी नहीं बता पा रहे थे कि वे सुरक्षित हैं या नहीं। वतन वापसी के बाद जोया और उनके परिवार ने राहत




की सांस ली है, लेकिन अब उन्हें अपनी पढ़ाई और दोबारा ईरान लौटने की अनिश्चितता सता रही है। इसी तरह आमिर नामक छात्र ने बताया कि बड़े शहरों में अघोषित कर्फ्यू जैसे हालात हैं और जरूरी वस्तुओं की किल्लत शुरू हो गई है। उन्होंने विशेष रूप से छात्राओं और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई, जो वहां बेहद दहशत में हैं।

हवाई अड्डे का नजारा बेहद भावुक कर देने वाला था, जहां कई हफ्तों से अपने बच्चों की सलामती की दुआ कर रहे अभिभावकों की आंखों से खुशी के आंसू छलक पड़े। अली नकवी के नेतृत्व में लौटे एक समूह का स्वागत फूलों की मालाओं से किया गया। इस कठिन समय में भारत का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा छात्रों के लिए एक बड़ा संबल बना। छात्रों ने बताया कि जब वे वहां से निकल रहे थे, तब जगह-जगह तैनात ईरानी सुरक्षाकर्मी भारतीय तिरंगा देखकर उनकी मदद के लिए आगे आ रहे थे। हालांकि, विश्वविद्यालयों को छावनी में तब्दील कर दिया गया है और अफवाहों के कारण वहां का माहौल और भी तनावपूर्ण हो गया है। उत्तर प्रदेश के अमरोहा की रहने वाली छात्राएं युसरा और अर्श भी सुरक्षित अपने घर पहुंच गई हैं। उन्होंने बताया कि महज दो महीने पहले ही उन्होंने डॉक्टर बनने का सपना लेकर एमबीबीएस में प्रवेश लिया था, लेकिन हालात ने उन्हें लौटने पर मजबूर कर दिया। वहीं, गाजियाबाद के मर्चेंट नेवी इंजीनियर केतन मेहता जैसे कई अन्य भारतीय अब भी वहां फंसे हुए हैं, जिनकी वापसी की उम्मीदें अब बढ़ गई हैं। हालांकि छात्रों का कहना है कि सभी भारतीय फिलहाल सुरक्षित हैं, लेकिन वहां की अनिश्चितता ने उनके करियर पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न लगा दिया है। फिलहाल, भारत सरकार और अधिकारी ईरान में मौजूद अन्य भारतीयों की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

## 2026 गणतंत्र दिवस परेड में दिखेगी नई परंपरा, नदियों के नाम पर होंगी दर्शक दीर्घाएं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2026 की गणतंत्र दिवस परेड में एक नई परंपरा देखने को मिलेगी, इसमें दर्शकों के बैठने की जगहों को थीम के हिसाब से बदला गया है। परेड के रास्ते में बनी बैठने की जगहों को पहली बार नंबरों से नहीं पहचाना जाएगा। बल्कि लोगों के बैठने की जगह का नाम देश की प्रमुख नदियों के नाम पर होगा। इन दीर्घाओं का नाम यमुना, ब्यास, ब्रह्मपुत्र, गंगा, तीस्ता, चंबल, सतलुज, सोन, चिनाब, सोन, रावी, वैगई, पेरियार, गंडक, पेन्नार, नर्मदा, घाघरा, गोदावरी, कृष्णा, महानदी, सिंधु, कोसी, झेलम और कावेरी जैसी नदियों के नाम पर रखा गया है। यह वे नदियां हैं, जो देश के कई क्षेत्रों और राज्यों से होकर गुजरती हैं और लोकल आबादी के लिए जीवनरेखा का काम करती हैं। सदियों से इन नदियों ने देश की सभ्यता, अर्थव्यवस्था और संस्कृति को भी आकार दिया है।

इस गणतंत्र दिवस पर ऑपरेशन सिंदूर में अहम भूमिका निभाने वाले लड़ाकू विमान भी कर्तव्य पथ पर दिखाई देने वाले है। मुख्य आकर्षणों में से एक स्पेशल सिंदूर फॉर्मेशन होगा जो




ऑपरेशन की सफलता और संकल्प का प्रतीक होगा। राफेल, सुखोई, जगुआर और मिग-29 लड़ाकू विमानों सहित एक दर्जन से ज्यादा लड़ाकू विमान कर्तव्य पथ के ऊपर फॉर्मेशन में उड़ान भरने वाले है। इसके अलावा, लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टरों और ट्रांसपोर्ट विमानों वाले कई अन्य फॉर्मेशन भी इस भव्य हवाई प्रदर्शन का हिस्सा लेने वाले है।

पहली बार, भारतीय सेना की नई भैरव बटालियन कर्तव्य पथ पर मार्च करेगी और सुप्रीम कमांडर को सलामी देगी। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कारगिल से इन नई लाइट कमांडो बटालियनों के गठन की घोषणा की थी। अधिकारियों के अनुसार, पांच भैरव बटालियन पहले ही बन चुकी हैं। उन्होंने बताया कि सेना छह महीने के भीतर कुल 25 ऐसी बटालियन बनाने की योजना बना रही है। प्रत्येक बटालियन में करीब 250 बेहतरीन सैनिक होते हैं, जिन्हें तेज, अचानक और उच्च प्रभाव वाले ऑपरेशनों के लिए प्रशिक्षित किया जाता है।

# पाक ने रची नापाक साजिश, इस्लामिक स्टेट के नाम से कश्मीर में कराना चाहता है हमले

### -इस पूरे ऑपरेशन की निगरानी पाकिस्तान के शीर्ष सैन्य और खुफिया अधिकारी कर रहे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने जम्मू-कश्मीर में अशांति फैलाने के लिए साजिश रची है। खुफिया एजेंसियों ने गणतंत्र दिवस से पहले एक रिपोर्ट के जरिए इसकी बात कही है। आईएसआई ने आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा को निर्देश दिया है कि वह अपने फिदायीन दस्ते को इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रॉविंस के नाम के साथ जोड़कर घाटी में हमले करे। इस हाइब्रिड मॉड्यूल का मुख्य उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खुद को बेकसूर साबित करना और भारत के खिलाफ प्लॉसिबल डिनाइबिलिटी बनाए रखना है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस पूरे ऑपरेशन की निगरानी पाकिस्तान के शीर्ष सैन्य और खुफिया अधिकारी कर रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल अहमद अहसान नवाज भी इसमें शामिल हैं जो पाकिस्तान सेना के एक्स कोर के प्रमुख हैं। ब्रिगेडियर फाईक अयूब आईएसआई का पीओके सेक्टर कमांडर है। रिपोर्ट के मुताबिक इन अधिकारियों ने लश्कर और जैश-ए-मोहम्मद को अपनी रणनीति बदलने और यह तय करने का निर्देश दिया है कि किसी भी हमले में पाकिस्तान की सीधी भागीदारी के सबूत न मिलें।

खुफिया सूत्रों के मुताबिक 12 सदस्यीय यह फिदायीन दस्ता कश्मीर के तीन प्रमुख जिलों में सक्रिय हो चुका है। उनमें बडगाम, किश्तवाड़ और श्रीनगर शामिल हैं, जो कि भौगोलिक और रणनीति रूप से अहम हैं। लश्कर का वरिष्ठ कमांडर अबू हुरैरा फिदायीन दस्ते का नेतृत्व कर रहा है। यह 2021 से सक्रिय है। मोहम्मद उमर खरगोश डिप्टी कमांडर है और हुरैरा का मुख्य सहयोगी भी है। अबू दुजाना का भी इसमें शामिल है, जिसने हाल ही में घुसपैठ की है। वह आत्मघाती हमलों के लिए प्रशिक्षित है।

सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि पाकिस्तान जानबूझकर अपने समर्थित आतंकवाद को इस्लामिक स्टेट के नाम से प्रमोट कर रहा है। इसके पीछे दो मुख्य कारण हैं। पहला है पहचान छुपाना। यदि हमला आईएसकेपी के नाम पर होता है, तो वैश्विक समुदाय को यह लगेगा कि यह एक अंतरराष्ट्रीय जिहादी नेटवर्क का काम है न कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का। हाइब्रिड मॉड्यूल के कारण जांच एजेंसियों के लिए मुख्य साजिशकर्ताओं तक पहुंचना कठिन हो जाता है। इस इनपुट के बाद मध्य और दक्षिण कश्मीर में निगरानी बढ़ा दी गई है। सुरक्षा बल अब छोटे-छोटे सेल्स में बंटे इन आतंकियों को ट्रैक करने के लिए तलाशी अभियान चला रहे हैं।



बनास नदी में पुलिस का 'ट्रिपल अटैक'

# तीन तरफ से घेराबंदी कर दबोचे 5 भारी वाहन, बजरी माफियाओं में हड़कंप

**बडलियास पुलिस की बड़ी कार्यवाही; 2 डम्पर, 2 टीपर और 1 जेसीबी जब्त, खनिज विभाग को दी सूचना**

स्मार्ट हलचल| माण्डलगढ़

अवैध बजरी खनन के खिलाफ भीलवाड़ा पुलिस ने सोमवार को अब तक की बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। बडलियास थाना पुलिस ने थलां और श्रीपुरा गांव के पास बनास नदी में चल रहे अवैध खनन पर सर्जिकल स्ट्राइक की तर्ज पर छापेमारी की। पुलिस ने नदी क्षेत्र की तीन तरफ से घेराबंदी कर मौके से एक जेसीबी मशीन और चार डम्पर जब्त किए हैं। इस कार्रवाई से बजरी माफियाओं में हड़कंप मच गया है।



### तीन टीमों ने बिछाया जाल

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई हुई। एएसपी (मुख्यालय) पारस जैन और माण्डलगढ़ डीएसपी बाबू लाल विष्नोई के सुपरविजन में थानाधिकारी मुन्नीराम चोयल ने एक विशेष रणनीति बनाई।

पुलिस ने खनन माफियाओं को भागने का मौका न मिले, इसके लिए तीन अलग-अलग टीमें गठित कीं। इन टीमों ने अलग-अलग रास्तों से नदी में प्रवेश कर खनन स्थल को घेर लिया।

### मौके से ये हुए जब्त

पुलिस को देखते ही माफियाओं में भगदड़ मच गई। पुलिस ने मौके से अवैध बजरी भरते हुए 02 डम्पर, 02 टीपर डम्पर और 01 जेसीबी मशीन (कुल 5 वाहन) जब्त किए। पुलिस ने अवैध खनन का मामला दर्ज कर खनिज विभाग को सूचित कर दिया है।

### इस टीम ने की कार्रवाई

कार्रवाई करने वाली टीम में थानाधिकारी मुन्नीराम चोयल के साथ एएसआई जेठमल, एएसआई गोपाल सिंह, कांस्टेबल राजेन्द्र कुमार, विनोद कुमार, संदीप कुमार, कृष्ण कुमार, निर्मल कुमार और अशोक महिया शामिल थे।

शाहपुरा में फूड लाइसेंस शिविर आयोजित 92 विक्रेताओं का रजिस्ट्रेशन, 15 को मिले लाइसेंस

# बिना लाइसेंस खाद्य विक्रय पर होगी सख्त कार्रवाई-सीएमएचओ डॉ. शर्मा

स्मार्ट हलचल| भीलवाडा

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रक, जयपुर तथा जिला कलेक्टर श्री जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार सोमवार को शाहपुरा में फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान 92 खाद्य विक्रेताओं का मौके पर रजिस्ट्रेशन किया गया, जबकि 15 खाद्य कारोबारियों को फूड लाइसेंस जारी किए गए। इसके साथ ही व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा मानकों एवं स्वच्छता नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई।

शिविर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक कुमार यादव सहित स्थानीय व्यापारीगण उपस्थित रहे। खाद्य विभाग की टीम ने फोस्कोस पोर्टल के माध्यम से आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाते हुए पात्र आवेदकों को तुरंत लाभ पहुंचाया।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जिले में खाद्य सामग्री बेचने वाले सभी व्यापारियों के लिए अब फूड लाइसेंस और फोस्कोस पोर्टल पर पंजीकरण केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि कानूनी अनिवार्यता है। बिना लाइसेंस अथवा रजिस्ट्रेशन के खाद्य सामग्री का विक्रय गैरकानूनी है, जिस पर जुर्माना एवं दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है।

सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने कहा कि खाद्य कारोबारियों को राहत देने एवं प्रक्रिया को सहज बनाने के उद्देश्य से जिलेभर में विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें मौके पर ही फूड लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन जारी किए जा रहे हैं। इन शिविरों में किराना, मिठाई, होटल, डेयरी, रेस्टोरेंट, हलवाई, केटरिंग, फास्ट फूड, चाट-पकौड़ी, फल-सब्जी, ठेला एवं स्टॉल संचालक आवेदन कर तुरंत लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि शिविरों के बाद भी यदि कोई व्यापारी बिना लाइसेंस या रजिस्ट्रेशन खाद्य सामग्री का विक्रय करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। खाद्य विभाग ने सभी खाद्य कारोबारियों से समय रहते पंजीकरण कराकर सुरक्षित और शुद्ध खाद्य आपूर्ति में सहयोग करने की अपील की है।

कोतवाली पुलिस की 'सर्जिकल स्ट्राइक'

# शास्त्रीनगर के बंद कमरे में चल रहा था जुआ, 7 रईसजादे गिरफ्तार, 61 हजार नकद बरामद

**प्रोबेशनर आईपीएस आयुष श्रोत्रिय की सूचना पर श्याम मंदिर के पास मकान में दबिश, ताश के पत्तों पर दांव लगाते धराए जुआरी**

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

शहर के पॉश इलाके शास्त्रीनगर में पुलिस ने सोमवार रात जुए के एक बड़े अड्डे पर छापेमारी कर 7 आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। कोतवाली थाना पुलिस ने श्याम मंदिर के पास स्थित एक मकान में दबिश देकर आरोपियों के कब्जे से 61,530 रुपये की नकदी और ताश की गड्डियां बरामद की हैं।



### आईपीएस की सटीक सूचना और 'एक्शन'

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह द्वारा चलाए जा रहे अवैध गतिविधियों के विरुद्ध अभियान के तहत यह सफलता मिली। प्रोबेशनर आईपीएस आयुष श्रोत्रिय को सूचना मिली थी कि शास्त्रीनगर के मकान नंबर सी-176 में जुए का खेल चल रहा है। सूचना पर कोतवाली थानाधिकारी शिवराज गुर्जर के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

### दरवाजा धक्का देकर घुसी पुलिस

एएसआई कन्हैयालाल और टीम जब चिन्हित मकान के पास पहुंची, तो अंदर से व्यक्तियों के शोर की आवाज आ रही थी। पुलिस ने कमरे का दरवाजा धक्का देकर खोला, तो अंदर 7 व्यक्ति घेरा बनाकर ताश के पत्तों पर दांव लगा रहे थे। पुलिस को देखते ही वहां हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके से नकदी जब्त कर आरोपियों को धारा 112 बीएनएस और 3/4 आरपीजीओ के तहत गिरफ्तार कर लिया।

### शहर के विभिन्न इलाकों के हैं आरोपी

गिरफ्तार आरोपियों में आरसी व्यास कॉलोनी निवासी हितेश, काशीपुरी निवासी जितेंद्र, वीरेंद्र प्रकाश (गांधीनगर), संजय बंसल (आजाद नगर), रमेश विजयवर्गीय (गांधीनगर), नवरतन (सुजुकी एंक्लेव) और दिलीप न्याति (आजाद नगर) शामिल हैं।

गांधीनगर पुलिस का 'ऑपरेशन क्लीन'

# संतोषी माता मंदिर से बाइक चुराने वाला शातिर गिरफ्तार, सीसीटीवी की मदद से दबोचा

**चपरासी कॉलोनी का दीपक सिंह चढ़ा पुलिस के हत्थे, चोरी की बाइक बरामद, सीसीटीवी फुटेज से खुला राज**

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

शहर की गांधीनगर थाना पुलिस ने वाहन चोरी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक शातिर बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। पकड़ा गया आरोपी मंदिर में दर्शन करने आए श्रद्धालुओं के वाहनों को अपना निशाना बनाता था।



### दर्शन करने गए भक्त की चोरी हुई थी बाइक

थानाधिकारी पुष्पा कसोटिया ने बताया कि गुढा (मांडल) निवासी जितेंद्र सिंह चौहान ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 2 जनवरी को वह परिवार सहित संतोषी माता मंदिर दर्शन करने आए थे। जब वे दर्शन कर बाहर निकले, तो उनकी बाइक गायब मिली। पुलिस ने धारा 305(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

### सीसीटीवी और रूट चार्ट से बिछाया जाल

एसपी धर्मेंद्र सिंह के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने घटना स्थल के आस-पास के दर्जनों सीसीटीवी फुटेज खंगाले। सीसीटीवी कैमरों के आधार पर पुलिस ने चोर के भागने का 'रूट चार्ट' तैयार किया और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने आरोपी दीपक सिंह (22) पुत्र दिलीप सिंह निवासी गायत्रीनगर (चपरासी कॉलोनी) को पहचान कर गिरफ्तार कर लिया।

### टीम का विशेष योगदान

इस कार्रवाई में थानाधिकारी पुष्पा कसोटिया के नेतृत्व में एएसआई रावत सिंह, कांस्टेबल कमलेश कुमार (विशेष योगदान), राकेश कुमार और अनिल कुमार की अहम भूमिका रही।

# कुमावत समाज के 62 गांवों की मीटिंग का आयोजन हुआ

स्मार्ट हलचल|करेड़ा

कुमावत समाज के 62 गांवों 4 चोखला चावंडिया मटुनिया बागोलिया थला की बैठक समाज की कुरीतियों को मिटाने को लेकर रविवार को बागोलिया में घीसा धनारिया की अध्यक्षता में हुई बैठक शिक्षा के क्षेत्र में सुधार शादी विवाह में होने वाले फिजूल खर्च कम करने शादी विवाह में प्री वेडिंग रिसेप्शन प्रोग्राम को बंद करने विवाह के दौरान मंगवाई जाने वाली सोने चांदी के आइटम को कम करना मदिरा सेवन व समस्त प्रकार के नशे को बंद करने समाज मे किसी भी प्रकार के मामले को लेकर सामाजिक स्तर पर समझाइश कर मामले को निपटने हेतु जोर दिया गया बहन बेटियों को सोशल मीडिया का गलत इस्तेमाल करने पर रोक लगाई गई है इस दौरान गोपी लाल शंकर लाल भगवान लाल नारायण लाल पन्ना लाल कुमावत, डालू कुमावत, भंवर लाल, शंकर लाल, देवीलाल नारायण लाल रमेश चन्द गोपी लाल, गोमा राम गोपाल लाल, अंबालाल कुमावत माधव लाल, कृष्ण गोपाल सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

नवयुवक मंडल ने उठाई पुनः निर्माण की मांग

# जर्जर टंकी तो तोड़ दी, अब नई कब बनेगी?

**महिला आश्रम के पास गहरा सकता है जल संकट**

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

शहर के महिला आश्रम के पास स्थित जलदाय विभाग परिसर में तोड़ी गई पुरानी पानी की टंकी के स्थान पर नई टंकी बनाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। सोमवार को नवयुवक मंडल महिला आश्रम, माली खेड़ा ने जिला कलेक्टर के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जल्द निर्माण शुरू करवाने का आग्रह किया।

### क्यों खड़ी हुई समस्या?

मंडल के सहसचिव दिनेश कुमार माली ने बताया कि शाम की सब्जी मंडी स्थित जलदाय विभाग कार्यालय में पूर्व में एक बड़ी पानी की टंकी थी, जिससे शहर के कई हिस्सों, विशेषकर भोपालगंज और आस-पास के क्षेत्रों में जलापूर्ति होती थी। कालांतर में यह टंकी जीर्ण-शीर्ण और क्षतिग्रस्त हो गई, जिसे विभाग द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से तोड़ तो दिया गया, लेकिन लंबे समय बाद भी वहां नई टंकी का निर्माण नहीं किया गया।

### भविष्य की चिंता

ज्ञापन में बताया गया कि नई टंकी नहीं बनने से भविष्य में क्षेत्र में पेयजल संकट गहरा सकता है। मंडल ने क्षेत्रवासियों के हस्ताक्षर युक्त पत्र सौंपते हुए मांग की है कि उसी स्थान पर पुनः नई टंकी का निर्माण करवाया जाए, ताकि सुचारू जलापूर्ति सुनिश्चित हो सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान किशन लाल माली सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# आशीष पाराशर मीडिया, लोकेश आगाल शोभा यात्रा, आशीष झंवर को कार्यक्रम सूचना व्यवस्था का मिला दायित्व

**वर्धमान-विद्युत नगर बस्ती क्षेत्र के हिंदू सम्मेलन की तैयारियां, पोस्टर का किया विमोचन**

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** शहर के वर्धमान-विद्युत नगर बस्ती क्षेत्र में 25 जनवरी को होने वाले हिंदू सम्मेलन के पोस्टर विमोचन का कार्यक्रम सगसजी के स्थान पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न समाजों के नागरिकों ने सहभागिता निभाते हुए सम्मेलन को भव्य और सफल बनाने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर जमनालाल डिडवानिया, भैरूलाल शर्मा, मदन खटोड़, मनीष मिश्रा, नवरत्न रूप हलवाई, गोविंद सिंह शक्तावत, भैरूमाली, राजेश शर्मा, कथावाचक दिव्यांशु दाधीच, लंकेश पाराशर तथा बस्ती प्रमुख देवीलाल माली ने उपस्थित टोली प्रमुखों का परिचय कराया और सभी को जिम्मेदारियां सौंपीं। सम्मेलन की व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने हेतु विभिन्न क्षेत्रों के कार्यकर्ता सक्रिय रूप से जुड़ रहे हैं। मीडिया व्यवस्था का दायित्व आशीष पाराशर को, शोभा यात्रा का दायित्व लोकेश आगाल को तथा कार्यक्रम सूचना व्यवस्था की जिम्मेदारी आशीष झंवर को सौंपी गई। मंच व्यवस्था आशीष तोतला और साथियों द्वारा देखी जाएगी। भजन मंडल प्रभारी लाली बाई माली, राधा डोडिया तथा उनकी टीम रहेंगी। विद्यालय कार्यक्रम की जिम्मेदारी ज्योति, सरिता, अनिल बांगड़, किरण, पूजा कपूर और मधु बहेडिया निभाएंगे। आर्थिक टोली का संचालन अजय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुनील पांडे, पंकज सिंघवी, राजेन्द्र काल्या और ओमप्रकाश गंदोडिया करेंगे। इस दौरान वक्ताओं ने हिंदू संस्कृति, सामाजिक समरसता, राष्ट्रभक्ति, नैतिक मूल्यों, कुटुंब प्रबोधन और स्वदेशी जागरूकता जैसे विषयों पर प्रेरक विचार रखे।



हिंदू सम्मेलन केवल कार्यक्रम नहीं, यह संस्कृति का जागरण है। यह एकजुटता का संकल्प है। यह समाज को जोड़ने, राष्ट्र के प्रति कर्तव्य निभाने और अपनी परंपराओं को सशक्त बनाने का अभियान है। कार्यक्रम के निमित्त दोपहर में 3.30 बजे नामदेव मंदिर में साथियों द्वारा 11 हनुमान चालीसा पाठ तथा भजन किर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र की कई महिलाएं शामिल हुई।

# ईटावा ग्राम पंचायत बनने की खुशी में उमड़ा उत्साह, रक्तदान शिविर में 65 यूनिट रक्त संग्रहित

स्मार्ट हलचल

**आकोला।** उपखंड क्षेत्र के ईटावा गांव के नवीन ग्राम पंचायत बनने के उपलक्ष में तेजाजी मंदिर प्रांगण में एक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। समस्त ग्राम पंचायतवासियों, ईटावा युवा टीम और शहीद भगत सिंह सेवा संस्थान, ककरोलिया घाटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में युवाओं ने भारी उत्साह दिखाया।



### पहली बार रक्तदान करने वालों में जोश

शिविर के दौरान कुल 65 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। खास बात यह रही कि लगभग 30 युवाओं ने जीवन में पहली बार रक्तदान कर इस नेक कार्य की शुरुआत की। इसमें केसरपुरा निवासी भैरूलाल गुर्जर ने अपना पहला रक्तदान किया।

युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए अनुभवी रक्तदाताओं ने भी अपनी भागीदारी निभाई। ककरोलिया घाटी के सांवरमल सुवालका ने 40वीं बार और कमलेश जाट ने 15वीं बार रक्तदान कर क्षेत्र के युवाओं के सामने मिसाल पेश की।

इन गांवों की रही सहभागिता

शिविर में केवल ईटावा ही नहीं, बल्कि आसपास के गांवों जैसे गेहूंली, थालेड़ा, सोडियास, केसरपुरा, ककरोलिया घाटी, ओंकारपुरा, मोटरों का झूपड़ा और बलाइयों का झूपड़ा के युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इस पुनीत कार्य के दौरान भगवत सिंह, गौरीशंकर सेन, भगवतीलाल बलाई, जीतू बलाई, गजेंद्र सिंह, गोपाल नाथ, कालू नाथ, रामदेव गुर्जर, भागेंद्र सिंह, अध्यापक नरेंद्र सिंह, भैरु सिंह, सांवर सेन, महेंद्र गेहलोत, कैलाश सुथार, तेज सिंह, भंवर गुर्जर, विजेश सुवालका, शंकर नाथ, सत्तू गुर्जर, जय सिंह, रतन नाथ, राम सिंह, शिवराज सिंह और प्रहलाद नाथ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# महलों का मानपुरः स्कूल के खेल मैदान पर चला 'पीला पंजा'

**खजूरी नायब तहसीलदार की त्वरित कार्रवाई, अतिक्रमण हटने से विद्यार्थियों और ग्रामीणों में खुशी की लहर**



### वर्षों पुराना अवैध कब्जा ध्वस्त

स्मार्ट हलचल|खजूरी

खजूरी उप तहसील क्षेत्र के गांव महलों का मानपुर में सोमवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सरकारी विद्यालय के खेल मैदान को अतिक्रमण मुक्त करवाया। विद्यालय की जमीन पर एक स्थानीय व्यक्ति द्वारा पिछले कई वर्षों से अवैध कब्जा किया हुआ था, जिसे नायब तहसीलदार बद्री लाल मीणा के नेतृत्व में जेसीबी मशीन चलाकर हटा दिया गया।

### शिकायत पर एक्शन में आई टीम

जानकारी के अनुसार, ग्रामीणों ने खेल मैदान पर कब्जे की शिकायत खजूरी नायब तहसीलदार बद्री लाल मीणा से की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार ने तुरंत एक टीम गठित की। टीम में गिरदावर अशोक कुमार, पटवारी नारायण धाकड़ और पुलिस जाप्ता शामिल था। टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी की मदद से पक्के और कच्चे निर्माण को हटाकर जमीन को विद्यालय के सुपुर्द किया।

### पहले नहीं हुई सुनवाई, अब मिली राहत

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि उक्त अतिक्रमण को लेकर उन्होंने पूर्व में भी कई बार शिकायतें की थीं, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला था। अब प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से गांव में खुशी का माहौल है। खेल मैदान खाली होने से अब स्कूली बच्चे बेझिझक खेल सकेंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन का आभार व्यक्त किया है।

# मुआवजे को लेकर ग्रामीण का प्रदर्शन, 6 घंटे बाद बनी सहमति

**ट्रेक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की हुई थी मौत, बड़लियास थाना क्षेत्र के भाकलिया गांव का मामला**

स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** सवाईपुर क्षेत्र के भाकलिया गांव के पास रविवार दोपहर को अड़सीपुरा-जित्या माफी रोड़ पर एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया । बाइक सवार युवक खेत पर फसल की पिलाई कर घर लौट रहा था । ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ट्रैक्टर बजरी लेकर जा रहा था, इसी दौरान टक्कर मार दी । सुचना पर बड़लियास थाना पुलिस मौके पर पहुंची, सोमवार सुबह बडी संख्या में ग्रामीण जिला चिकित्सालय की मोर्चरी के बाहर जमा है और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया । एएसआई गोपाल सिंह ने बताया की भाकलिया निवासी रामेश्वर पिता मांगू बेरवा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई की उनके बड़े पिता का लड़का दिनेश कुमार पिता जमनालाल बेरवा उम्र 22 वर्ष रविवार दोपहर को खेत में फसल में पानी की पिलाई करने के बाद बाइक से वापस घर लौट रहा था, इसी दौरान भाकलिया गांव के पास ट्रैक्टर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, इसके बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई, बाइक सहित सवार दूर जाकर गिरा । आसपास मौजूद ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंचे और गंभीर घायल दिनेश को भीलवाड़ा जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां दिनेश की हालत गंभीर होने पर उसे उदयपुर रेफर किया गया, जहां उदयपुर ले जाते समय बीच रास्ते में ही दिनेश ने दम तोड़ दिया । आज सोमवार सुबह से ही बडी संख्या में ग्रामीण मोर्चरी के बाहर जमा है और मृतक के परिजनों को आर्थिक मुआवजा दिया की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया । सुचना पर बड़लियास थाना प्रभारी मुन्नीराम चोयल व बड़लियास नायब तहसीलदार मदनलाल शर्मा ने ग्रामीणों से समझाइश की, करीब 6 घंटे चली समझाइश के बाद ग्रामीण माने, जिसमें चिरंजीवी योजना के तहत सहायता राशि मिलेगी, इसके बाद जिला चिकित्सालय की मोर्चरी में शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया, इस दौरान कोटड़ी पूर्व उपप्रधान मनीष गूर्जर मौके पर पहुंचे । सोमवार सायं को शव घर पहुंचते ही घर में कोहरा मच गया और गमहीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया । वही दुसरी ओर ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव से होकर अवैध व लीज से बजरी भरे ट्रैक्टर दिन रात गांव की गलियों से होकर सरपट दौड़ते हैं, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं, लेकिन पुलिस एवं प्रशासन इनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं करता।





# घर-घर संस्कार की अलख, राष्ट्र सशक्तिकरण का संकल्प

## शाहपुरा में भाविप का कुटुंब प्रबोधन संगम, संयुक्त परिवार पर दिया गया जोर

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** शाहपुरा के आदर्श विद्या मंदिर गांधीपुरी में भारत विकास परिषद (भाविप) राजस्थान मध्य प्रांत का कुटुंब प्रबोधन संगम राष्ट्रगान के साथ गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। संगम के समापन सत्र में यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि राष्ट्र को सशक्त, संस्कारित और अखंड बनाए रखने के लिए कुटुंब प्रबोधन अभियान को घर-घर पहुंचाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। भाविप की प्रत्येक शाखा स्तर पर इसे प्राथमिकता देने और परिवारों में संस्कार, संवाद व राष्ट्रीय चेतना के बीजारोपण का संकल्प दोहराया गया।

समापन सत्र की अध्यक्षता भाविप राजस्थान मध्य प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी ने की, जबकि मुख्य वक्ता भाविप संस्कार प्रकल्प के पूर्व राष्ट्रीय मंत्री एवं बिड़ला ग्रुप के वाइस प्रेसिडेंट बलराज आचार्य रहे। मंच पर मध्य प्रांत के प्रांतीय महासचिव आनंद सिंह राठौड़, कुटुंब प्रबोधन संयोजक प्रवीण जैन, प्रांत कोषाध्यक्ष अमित सोनी सहित अनेक पदाधिकारी और संभागी उपस्थित रहे।

मुख्य वक्ता बलराज आचार्य ने सनातन परंपरा से चली आ रही संयुक्त परिवार व्यवस्था के दूरगामी सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक परिणामों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विभिन्न ऋषि-महर्षियों के





जीवन प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि समय के बदलते परिवेश में परिवारों की संरचना में आए परिवर्तनों ने समाज को प्रभावित किया है। आज राष्ट्र को अखंड और सशक्त बनाए रखने के लिए कुटुंब प्रबोधन की महती आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को सामाजिक इकाई मानना भ्रांति है, वास्तविकता यह है कि कुटुंब ही आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक इकाई है।

आचार्य ने समाज सशक्तिकरण के लिए पंच परिवर्तन की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पहला परिवर्तन कुटुंब प्रबोधन है कृपरिवार संस्कृति को बचाना। सप्ताह में कम से कम एक दिन पूरा परिवार एक साथ बैठकर भोजन करे, भजन-कीर्तन हो, संवाद हो और संस्कारों को सहेजने का प्रयास किया जाए। परिवारों में जब एकता और राष्ट्रीयता की भावना जागृत होगी, तभी राष्ट्र शक्तिशाली बनेगा। कुटुंब प्रबोधन के माध्यम से समाज के विभिन्न परिवारों के बीच बेहतर तालमेल, परस्पर सहयोग और सौहार्द स्थापित कर समाज और देश को मजबूत बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

प्रांतीय अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी ने अपने उद्बोधन में कहा कि व्यक्ति को सबसे पहले संस्कार अपने परिवार से ही प्राप्त होते हैं। समाज को सुसंस्कृत, चरित्रवान, अनुशासित और राष्ट्र के प्रति समर्पित बनाने में परिवार की भूमिका सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति की मूल अवधारणाओंकृभाषा, भूषा, भजन, भवन भ्रमण और भोजनकृसे जुड़े रहकर ही समाज सशक्त बन सकता है। भाविप का प्रयास है कि स्वयंसेवकों के परिवार भारतीय जीवन मूल्यों से जुड़ें और वही संस्कार समाज में प्रसारित हों।

इससे पूर्व उद्घाटन सत्र में आरएसएस चित्तौड़ प्रांत के प्रांतीय संयोजक कुटुंब प्रबोधन सूर्यप्रकाश शर्मा, कुटुंब प्रबोधन संयोजक प्रवीण जैन, प्रांतीय महासचिव आनंद सिंह राठौड़ और सामाजिक कार्यकर्ता बिंदू महेश्वरी की मौजूदगी में दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम के गायन के साथ संगम का शुभारंभ हुआ। शाहपुरा शाखा अध्यक्ष पवन बांगड़ ने स्वागत भाषण में कुटुंब प्रबोधन को आज के दौर की अनिवार्य आवश्यकता बताते हुए इसे घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। आरएसएस के प्रांतीय संयोजक सूर्यप्रकाश शर्मा ने कहा कि कुटुंब प्रबोधन भारतीय जीवन-दृष्टि का मूल है। हर घर में सप्ताह में कम से कम एक दिन ऐसा होना चाहिए जब पूरा परिवार एक साथ समय बिताए। घर में भजन, पारिवारिक भोजन, पूर्वजों की परंपराओं पर चर्चा हो और यदि कोई विपरीत विचार या संस्कार हों तो उन्हें दूर करने का प्रयास किया जाए। देश, हिंदू धर्म और समाज से जुड़े विषयों पर संवाद ही मजबूत परिवार और सशक्त राष्ट्र की नींव रखता है।

शर्मा ने कहा कि परिवार एकता से सुदृढ़ बनता है, बिखराव से नहीं। संयुक्त परिवार आने वाली पीढ़ियों को बेहतर संस्कारित करने में अहम भूमिका निभाते हैं। नई पीढ़ी में परिवार के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना आवश्यक है ताकि वे संयुक्त परिवार की भावना को आत्मसात कर सकें। ऐसे परिवार न केवल स्वयं में खुशहाल होते हैं, बल्कि समाज के लिए भी आदर्श बनते हैं। उन्होंने महिलाओं की भूमिका पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि आज महिलाएं हर कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं, ऐसे में परिवार में परस्पर सहयोग और समझ और अधिक जरूरी हो गई है। मध्य प्रांत के प्रांतीय महासचिव आनंद सिंह राठौड़ ने कहा कि बाजारवाद और भौतिकता ने संयुक्त परिवारों को छिन्न-भिन्न किया है, जिसे रोकना होगा।

बच्चों को मोबाइल की लत से दूर कर संस्कारों की ओर मोड़ना समय की मांग है। उन्होंने कहा कि बच्चों को संस्कारित करने में मां की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। संयुक्त परिवार की मूल अवधारणा को पुनः आत्मसात किए बिना पारिवारिक व्यवस्था को संतुलित नहीं किया जा सकता। सामाजिक कार्यकर्ता बिंदू महेश्वरी ने अपने प्रभावशाली उद्बोधन से संभागियों को कुटुंब प्रबोधन के लिए जागृत किया।

उन्होंने कहा कि परिवर्तन की शुरुआत स्वयं से करनी होगी, तभी दूसरों को प्रेरित किया जा सकता है। राष्ट्र निर्माण में कुटुंब प्रबोधन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। समारोह में सेवा संपर्क प्रमुख रजनीकांत आचार्य ने भी संबोधित करते हुए भीलवाड़ा में 12 फरवरी से प्रारंभ होने वाले दिव्यांग शिविर की जानकारी दी। कार्यक्रम संयोजक द्वारका प्रसाद जोशी ने आभार व्यक्त किया। संगम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जहां उपस्थितजनों ने कुटुंब प्रबोधन के संकल्प को जीवन में उतारने का दृढ़ निश्चय किया।

# मंगरोप में रहस्यमय तरीके से सैकड़ों मधुमक्खियों की मौत, फैली सनसनी




स्मार्ट हलचल | मंगरोप

कस्बे के वार्ड नंबर 3 स्थित रावणा राजपूत मोहल्ले में रविवार देर रात एक रहस्यमय घटना सामने आई, जब अचानक सैकड़ों की संख्या में मधुमक्खियों(स्थानीय भाषा में भंवरमाल)की मौत हो गई।एक ही रात में इतनी बड़ी संख्या में मधुमक्खियों के मृत मिलने से क्षेत्र में कौतूहल और चिंता का माहौल बन गया है।सोमवार सुबह जब ग्रामीणों ने मोहल्ले की गलियों,छतों और खुले स्थानों पर बड़ी संख्या में मृत मधुमक्खियां पड़ी देखीं तो सभी हैरान रह गए। ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले न तो किसी प्रकार की छिड़काव गतिविधि हुई और न ही कोई असामान्य आवाज या हलचल दिखाई दी,इसके बावजूद अचानक सैकड़ों मधुमक्खियों का मर जाना एक बड़ा रहस्य बना हुआ है।स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि यह घटना किसी रासायनिक गैस,कीटनाशक छिड़काव,जहरीले धुएं अथवा पर्यावरणीय असंतुलन के कारण भी हो सकती है। वहीं कुछ ग्रामीण इसे मौसम में अचानक आए बदलाव से जोड़कर देख रहे हैं।हालांकि अभी तक मधुमक्खियों की मौत के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल पाया है।

ग्रामीणों ने इस घटना को गंभीर बताते हुए प्रशासन और संबंधित विभाग से जांच की मांग की है,ताकि मधुमक्खियों की मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके। मधुमक्खियां पर्यावरण संतुलन और परागण के लिए बेहद आवश्यक मानी जाती हैं,ऐसे में उनकी अचानक मौत पर्यावरण के लिए भी खतरे की घंटी मानी जा रही है।फिलहाल मंगरोप कस्बे में यह घटना चर्चा का विषय बनी हुई है और लोग इसके कारणों को लेकर तरह-तरह की आशंकाएं जता रहे हैं।

# अमाल्दा के नंद भंवर सिंह कानावत को डीएम एफटी मे विधायक प्रतिनिधि नियुक्ति का प्रस्ताव भेजा

स्मार्ट हलचल



**खजूरी।** खजूरी उप तहसील के अमाल्दा पंचायत से विधायक ने पूर्व शंकरगढ़ मंडल अध्यक्ष नंद भंवर सिंह कानावत को डीएम एफडी विधायक प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त करने की अनुशंसा की अमाल्दा निवासी कानावत की यह नियुक्ति स्थानीय विकास और खनिज संसाधनों से जुड़ कार्य में नई प्रगति प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण काम साबित होगा विधायक ने इस संबंध में भीलवाड़ा जिला कलेक्टर को पत्र प्रेषित किया है जिसमें कानावत के लंबे समय तक ले आ रहे सामाजिक और राजनीतिक योगदान का उल्लेख किया गया है नंद भवर सिंह कानावत ने शकरगढ़ मंडल में भाजपा अध्यक्ष के रूप में शक्ति विकास किसान कल्याण और सामाजिक कार्यक्रम में स्तरीय भूमिका निभाई ह उनकी नियुक्ति से डीएम एफडी के तहत चल रही योजनाओं विशेष कर ग्रामीण क्षेत्रों में खनन प्रभावित समुदायो के उत्थान से जुड़े कार्यों को मजबूती मिलेगी स्थानीय निवासियों ने इस कदम का स्वागत करते हुए कहां की इससे क्षेत्रिय मुद्दों को बेहतर समाधान संभव होगा।

# काछोला में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 429वीं पुण्यतिथि मनाई



स्मार्ट हलचल | काछोला

काछोला कस्बे में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 429वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई इस अवसर पर बाग के बालाजी मंदिर परिसर में महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया

काछोला ठा वंश प्रदीप सिंह सोलंकी ने बताया कि कार्यक्रम काछोला के वरिष्ठजनों एवं प्रबुद्ध नागरिकों के सानिध्य में आयोजित हुआ, जहां उपस्थित लोगों ने महाराणा प्रताप के त्याग, वीरता और मातृभूमि के प्रति समर्पण को याद किया वक्ताओं ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है और उनके आदर्शों को आत्मसात करना ही सच्ची श्रद्धांजलि है ।

कार्यक्रम के दौरान समाज में राष्ट्रभक्ति, स्वाभिमान और सांस्कृतिक मूल्यों को बनाए रखने का संदेश दिया गया अंत में सभी उपस्थितजनों ने महाराणा प्रताप के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया इस दौरान ठा वंश प्रदीप सिंह सोलंकी डॉक्टर एन के सोनी सार्वजनिक धर्मशाला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ( गुड्डू बन्ना ) काछोला प्रशासक रामपाल बलाई सम्पत सिंह सोलंकी सरपंच प्रतिनिधि सत्यनारायण बलाई माहेश्वरी समाज अध्यक्ष सूरतराम गगरानी मुरली मनोहर मूंदड़ा भगवान मंत्री सोनू लक्ष्कार निरंजन सिंह सोलंकी सोहन जीनगर रामचंद्र तिवाड़ी छोटू लाल आचार्य घिसु सिंह आदि ग्रामीण व प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

# अबू धाबी में हुआ आईसीएआई का 37वां वार्षिक सेमिनार तरंग 2026 का भव्य आयोजन

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान के आईसीएआई अबू धाबी चैप्टर द्वारा 37वें वार्षिक सेमिनार 'तरंग 2026' का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन द्वितीय जीसीसी वार्षिक सीए सम्मेलन के साथ संयुक्त रूप से संपन्न हुआ, जिसमें आईसीएआई के सभी छह जीसीसी चैप्टर्स बहरीन, ओमान, कतर, कुवैत, दुबई, आबुधाबी की सक्रिय भागीदारी रही। इस संयुक्त सम्मेलन को क्षेत्रीय स्तर पर चार्टर्ड अकाउंटेंसी पेशे के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। सेमिनार की थीम 'तरंग 26' समुद्र की लहरों की भांति निरंतर, सशक्त और दूरगामी परिवर्तन का प्रतीक रही, जो वैश्विक मंच पर ज्ञान, नवाचार और सहयोग के प्रवाह को दर्शाती है। यह थीम भारत, यूएई और समूचे जीसीसी क्षेत्र के बीच सुदृढ़ होते पेशेवर सहयोग को भी रेखांकित करती है। इस अवसर पर



चौप्टर के अध्यक्ष सीए कृष्णन एन.वी. ने बताया कि इस सेमिनार का उद्देश्य चार्टर्ड अकाउंटेंसी पेशे को भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप तैयार करना तथा विभिन्न देशों के पेशेवरों के बीच संवाद और अनुभव साझा करने का प्रभावी मंच प्रदान करना है। चैप्टर की सचिव सीए प्रियंका बिड़ला ने जानकारी दी कि दो दिवसीय इस अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में भारत सहित विभिन्न देशों से आए 20 से अधिक प्रतिष्ठित वक्ताओं ने वित्त, नेतृत्व, नवाचार, नीति-निर्माण और भविष्य की वैश्विक अर्थव्यवस्था जैसे विषयों पर अपने विचार साझा किए, जिससे प्रतिभागियों को अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य की व्यापक समझ मिली। सेमिनार में विशेष अतिथि एवं वक्ता के रूप में इब्तिसाम अल सादी, कार्यवाहक सहायक अंडरसेक्रेटरी, औद्योगिक विकास क्षेत्र, यूएई, डॉ. अब्दुल्ला सुलैमान अलहम्मादी, चीफ इनोवेशन ऑफिसर, यूएई न्याय मंत्रालय, मोहम्मद अल हकिम, प्रेसिडेंट दृ ब्तलचजव.बवउ, यूएई, हाशिम कुदसी, को-फाउंडर एवं मैनेजिंग पार्टनर दृ लिवा कैपिटल एडवाइजर्स, राघव चढा, राज्यसभा सांसद, भारत, तथा इरफान पठान पूर्व भारतीय क्रिकेटर एवं कमेंटेटर प्रमुख रूप से शामिल रहे।

कार्यक्रम में आईसीएआई के अध्यक्ष सीए चरण जोत सिंह नंदा ने अपने प्रेरक उद्बोधन में पेशेवर उत्कृष्टता, नवाचार और वैश्विक दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वालें ब्थ् 2-0, जो चार्टर्ड अकाउंटेंसी पेशे का सबसे बड़ा वैश्विक उत्सव है, उसमें अधिक से अधिक सदस्यों से भागीदारी करने का आह्वान किया। कॉन्फ्रेंस प्रवक्ता सीए निर्भीक गांधी ने बताया कि सेमिनार के दौरान बिज़नेस एक्सीलेंस अवॉर्ड सीए अंकुर अग्रवाल को तथा फाइनेंस एक्सीलेंस अवॉर्ड सीए रामचंद्रन को उनके उत्कृष्ट पेशेवर योगदान के लिए प्रदान किए गए। आयोजन की सफलता में चैप्टर के मुख्य पदाधिकारी उपाध्यक्ष सीए रोहित दायमा एवं कोषाध्यक्ष सीए मोहम्मद शफीक, अनु थॉमस, अंकित कोठारी, मोनिश मोहन, सुमा राजेश, शफीख नेलायील, निर्मल अग्रवाल, हेमलता लिंगमूर्ति, प्रशांत नथवानी, प्रसाद आमरा, राजेश रेड्डी ने आयोजन की सफलता में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम का समापन गाला डिनर एवं प्रसिद्ध बॉलीवुड गायक पापोन की लाइव संगीत प्रस्तुति के साथ हुआ, जिसने पूरे आयोजन को यादगार बना दिया।

# सनातन धर्म हिंदू संस्कृति हिंदू समाज की एकता के लिए के निमित्त हिंदू सम्मेलन



स्मार्ट हलचल

**आकोला।** बरूंदनी मंडल का 25 जनवरी को होगा मेला प्रांगण पर हिंदू समाज की एक सामूहिक बैठक की गई हिंदू सम्मेलन के लिए बावड़ी के बालाजी मंदिर से शोभा यात्रा के रूप में प्रारंभ होगा और मैला प्रांगण बरून्दनी में विशाल हिंदू धर्म सभा का आयोजन किया जाएगा हिंदू सम्मेलन के अध्यक्ष के लिए रामराय लड्ढा और महिला उपाध्यक्ष गायत्री देवी पंचोली बावड़ी के बालाजी के महंत राम रंगीला दास जी महाराज का भी सानिध्य मिलेगा जिसमें हनुमान चालीसा का पाठ भारत माता की आरती संत महात्माओं का मार्गदर्शन मिलेगा और मुख्य वक्ता का मार्गदर्शन मिलेगा और महाप्रसादी भोजन का कार्यक्रम भी रहेगा। सामाजिक समरसता युक्त प्रभु श्री राम का रहेगा।

# मालासेरी डूंगरी में साप्ताहिक विष्णु महायज्ञ का भव्य शुभारंभ



स्मार्ट हलचल | मालासेरी डूंगरी

भगवान श्री देवनारायण जी की जन्मभूमि मालासेरी डूंगरी में आगामी 25 जनवरी 2026 को मनाए जाने वाले भगवान श्री देवनारायण जी के अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक विष्णु महायज्ञ कार्यक्रम का शुभारंभ आज बड़े ही हर्षोल्लास एवं धार्मिक आस्था के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत आज शिव मंदिर, कनाजी खेड़ा गांव से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ कलश यात्रा के रूप में की गई, जो भक्तों के जयघोष के साथ मालासेरी डूंगरी पहुँची। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में देवभक्त महिला-पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए, जिससे संपूर्ण मार्ग भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया व मालासेरी डूंगरी में 24 घंटे का देवधुन जागरण आयोजित किया गया, जिसमें देव स्तुति के माध्यम से देवभक्तों ने भगवान श्री देवनारायण जी का गुणगान किया।

# श्री श्रीयादे माता जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

श्री श्रीयादे जन्मोत्सव की शुभवेला पर दिनांक 17 जनवरी शनिवार को जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर संस्थान प्रांगण में भव्य भजन संध्या का आयोजन रखा गया। भजन संध्या में सुप्रसिद्ध भजन कलाकरों ने अपनी प्रस्तुतियां देकर सभी को भावविभोर कर दिया। रविवार को जन्मोत्सव का आगाज किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी ने अपने उद्बोधन में शिक्षा और सेवा का संकल्प दिलाते हुए समाज की हर तरह से मदद करने का आश्वासन दिया। समाजसेवी सत्यनारायण गुग्गड़ ने समाज के विकास में शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद की उपयोगिता पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में पधारे समस्त प्रजापति समाज के अतिथियों का साफा, उपरणा पहनाकर स्वागत किया गया। प्रजापति समाज के विद्वान वक्ताओं ने उद्बोधन में अपने अपने विचार रखे।



कार्यक्रम के अंत में आरकेएम स्टुडिओ के बैनर तले स्वरचित श्री श्रीयादे माता जी की महाआरती का अनावरण किया गया। जन्मोत्सव के पश्चात् समस्त समाज के लिए भोजन प्रसाद की सुनियोजित व्यवस्था की गई। कार्यक्रम के अंत मे प्रजापति नवयुवक संस्थान के संस्थापक सुखदेव प्रजापति, अध्यक्ष कन्हैया लाल प्रजापति, वरिष्ठ उपाध्यक्ष तेजुराम प्रजापति, पारस प्रजापति ने भी आगंतुक अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए साधुवाद दिया। कार्यक्रम में प्रजापति नवयुवक संस्थान के डालू प्रजापति, हरदेव प्रजापति, मदन लाल प्रजापति, लादू लाल प्रजापति, तेजमल प्रजापति, हरिप्रसाद प्रजापति, टीकम प्रजापति, माधव लाल प्रजापति, कैलाश प्रजापति (जैतगढ़), कल्याण प्रजापति, गोपाल प्रजापति, डॉ. हनुमान प्रजापति, कैलाश प्रजापति (मालासेरी), मोहन प्रजापति, अशोक प्रजापति, प्रहलाद प्रजापति, शांतिलाल प्रजापति, कैलाश प्रजापति (सोडार), भेरू प्रजापति, महावीर प्रजापति, शिव लाल प्रजापति, राजकुमार प्रजापति, प्रभु लाल प्रजापति, मेवा राम प्रजापति, घीसू लाल प्रजापति, घनश्याम प्रजापति, हरलाल प्रजापति, सत्यनारायण प्रजापति, मेवाराम प्रजापति आदि उपस्थित रहे। मंच संचालन राधेश्याम प्रजापति ने किया।

# 'न्याय आपके द्वार' अभियान के तहत अधिवक्ताओं के साथ बैठक



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर द्वारा संचालित 'न्याय आपके द्वार' अभियान के तहत भीलवाड़ा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सानिया हाशमी की अध्यक्षता मे एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सीमा चौहान द्वारा अधिवक्ताओ के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिवक्ताओं से जन उपयोगी सेवाओं से वंचित व्यक्तियों को इस अभियान की जानकारी देने एवं इसमें शामिल होने के लिए प्रेरित करने हेतु सहयोग चाहा गया।

जिससे आमजन को अपने अधिकारों व कर्तव्यों की जानकारी हो व आम नागरिक अपने गली मोहल्ले मे फैल रही गंदगी, खराब सड़के व नालिया, अत्यधिक पानी व लाइट बिल, हॉस्पिटल की सुविधा मे अव्यवस्था, शैक्षिक संस्था से जुडी सेवाओं मे किसी भी प्रकार की समस्या होने पर नागरिक पहचान पत्र के साथ प्रार्थना पत्र मे समस्या का विवरण लिखकर दे सकते है। उन समस्याओ को स्थाई लोक अदालत के माध्यम से निस्तारण करवाया जायेगा। अतः इस प्रकार सफल बैठक का आयोजन किया गया जिसमे बार अध्यक्ष आशीष पालीवाल, एवं अन्य अधिवक्तागण त्रिलोकचंद नोलखा, रामप्रसाद जाट, नमन ओझा, अनिल शर्मा, अंकित शर्मा, चावण्ड सिंह, अक्षय राज रेबारी, दुर्गालाल राजौरा, दीपक पारीक, हितेष शर्मा, नाहर सिंह, कमलेश मुंडेतियाँ आदि उपस्थित रहे।

# प्रजापिता ब्रह्मा बाबा का 57वां पुण्य स्मृति दिवस: शाहपुरा में विश्व शांति का संदेश गूंजा

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** शाहपुरा के गांधीपुरी स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में रविवार को आध्यात्मिक उल्लास और शांति के वातावरण के बीच प्रजापिता ब्रह्मा बाबा का 57वां पुण्य स्मृति दिवस विश्व शांति दिवस के रूप में श्रद्धा और भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अनुयायियों की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमा प्रदान की।

इस अवसर पर सेवाकेंद्र प्रभारी बी.के. संगीता बहन ने ब्रह्मा बाबा के प्रेरणादायी जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे अलौकिक प्रतिभा के धनी होने के साथ-साथ हीरे-जवाहरात के प्रतिष्ठित व्यापारी थे। उन्होंने जीवन में 12 गुरुओं से ज्ञान प्राप्त किया, लेकिन अंततः परमात्मा शिव के दिव्य कार्य में अपना तन, मन और धन पूर्णतः समर्पित कर दिया। उन्होंने बताया कि 18 जनवरी 1969 को ब्रह्मा बाबा देह त्याग कर अव्यक्त हुए, इसी कारण इस दिन को अव्यक्त दिवस के रूप में भी मनाया जाता है।

बी.के. संगीता बहन ने कहा कि ब्रह्मा बाबा का सबसे बड़ा योगदान



नारी सशक्तिकरण रहा। जिस दौर में नारी को तिरस्कार और यातनाओं का सामना करना पड़ता था, उस समय परमात्मा ने ब्रह्मा बाबा के माध्यम से माताओं को सम्मान और नेतृत्व प्रदान किया। 'वंदे मातरम' की भावना को साकार करते हुए उन्होंने मातृशक्ति को समाज के केंद्र में स्थापित किया।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित भाई-बहनों को राजयोग की अनुभूति कराई गई। शांत, सात्त्विक वातावरण में सभी ने योगयुक्त होकर लगभग एक घंटे तक मेडिटेशन किया और पूरे विश्व को सकारात्मक ऊर्जा यानी 'सकाश' प्रदान की। इसके पश्चात सभी ने ब्रह्मा बाबा के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

गौरतलब है कि विश्व शांति और मानवीय मूल्यों की पुनर्स्थापना में उल्लेखनीय योगदान के लिए संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा ब्रह्माकुमारीज संस्था को शांतिदूत पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

सेवाकेंद्र प्रभारी ने बताया कि इस संस्था की स्थापना स्वयं परमपिता परमात्मा शिव ने ब्रह्मा का तन का आधार लेकर की थी और ब्रह्मा बाबा ने संस्था की पूरी बागडोर माताओं-बहनों को सौंप दी। इसी कारण संस्था का नाम प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय रखा गया। उन्होंने बताया कि इस पुण्य दिवस पर देश-विदेश के सभी सेंटरों पर पूरे दिन योग तपस्या चलती है, संपूर्ण विश्व को शांति का दान दिया जाता है और सभी मनुष्य आत्माओं के लिए मंगलकामनाएं की जाती हैं कि सब सुखी रहें, सब खुश रहें।

# दाधीच समाज द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

## रक्तवीरो ने दी रक्त की आहुतियां, 117 यूनिट एकत्रित

स्मार्ट हलचल | वशिष्ठ शर्मा

**भीलवाड़ा।** मानवता की सेवा और 'रक्तदान-महादान' के संकल्प के साथ, दाधीच समाज न्यास, भीलवाड़ा के तत्वावधान में 18 जनवरी को शहर में एक विशाल रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में समाज के युवाओं, महिलाओं और प्रबुद्धजनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

मीडिया प्रभारी दीपक शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दाधीच समाज के अध्यक्ष हरिप्रकाश कंठ, जिला दाधीच मंडल के अध्यक्ष राजमल जोशी, जगदीश शर्मा,कैलाश चंद्र व्यास जमनालाल जोशी, सत्यदेव शर्मा भेरू लाल (क्ला श्री) (हीरा लाल ओझा मंदिर मंडल अध्यक्ष)घनश्याम



शर्मा सत्यनारायण आचार्य गोपाल तिवाड़ी रूपा हेली अशोक जोशी नीरज तिवाडी कैलाश आचार्य अमित व्यास रमेशचन्द्र शर्मा ओम जोशी पोटला रवी त्रिपाठी हार्दिक कुदाल राजेश शर्मा नारायण दाधीच रवी व्यास बंटी महादेव नीरज दाधीच रामपाल शर्मा राजेंद्र जोशी राहुल दाधीच मात्र शक्ति कला कुदाल सावित्री शर्मा जय श्री व्यास आशा दाधीच आदि पदाधिकारियों द्वारा किया गया। अतिथि के तौर पर एडवोकेट हेमेन्द्र शर्मा मनोज सुलतानिया शांतिलाल शर्मा जितेंद्र पुरोहित, डिम्पल सोमानी मौजूद रहे । रक्तदान शिविर प्रभारी राजेश तिवाड़ी ने बताया की सह संयोजक योगेश दाधीच लोकेश भट्ट कुश आचार्य संजय शर्मा रवी व्यास के सहयोग से शिविर में 117 यूनिट रक्तदान किया गया जिसमे महात्मा गांधी और अरिहंत हॉस्पिटल बल्ड बेंक ने सेवा दी इस शिविर का मुख्य उद्देश्य स्थानीय ब्लड बैंकों में रक्त की कमी को दूर करना और आपातकालीन स्थिति में जरूरतमंद मरीजों की सहायता करना है। नेत्र परीक्षण शिविर अरिहंत हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित किया गया जिसमे 50 जनों ने भाग लिया ।

### उत्साहजनक भागीदारी

सुबह से ही शिविर स्थल पर रक्तदाताओं का तांता लगा रहा। युवाओं में विशेष उत्साह देखा गया, जिनमें से कई पहली बार रक्तदान कर रहे थे। स्वास्थ्य नियमों का पूर्ण पालन करते हुए, चिकित्सकों की टीम ने रक्तदाताओं की जांच की और सुरक्षित तरीके से रक्त संग्रह किया।

'रक्तदान केवल एक दान नहीं, बल्कि किसी को नया जीवन देने का माध्यम है। दाधीच समाज हमेशा सामाजिक सरोकारों में अग्रणी रहा है। '

**हरिप्रकाश कंठ, अध्यक्ष**

### शिविर की मुख्य विशेषताएं:

प्रमाण पत्र वितरण: प्रत्येक रक्तदाता को समाज की ओर से प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। रक्तदाताओं के लिए फल, जूस और पौष्टिक स्वल्पाहार की विशेष व्यवस्था की रवी जी त्रिपाठी की और से की गई।

### महिला सहभागिता:

इस बार समाज की महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में रक्तदान कर जागरूकता का संदेश दिया। दाधीच समाज न्यास के अध्यक्ष ने इस पुनीत कार्य में सहयोग देने वाले सभी रक्तदाताओं, चिकित्सा कर्मियों और स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया। न्यास ने भविष्य में भी इस तरह के जनहितैषी कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प दोहराया।

# दौलतगढ़ की बेटी कृतिका ने अंडर-19 बास्केट बॉल में जीता गोल्ड

स्मार्ट हलचल


**आसींद।** अक्सर कहा जाता है कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती, और यह सच कर दिखाया है आसींद उपखंड क्षेत्र के छोटे से गांव दौलतगढ़ की बेटी कृतिका खटीक ने। बाड़मेर में आयोजित अंडर-19 नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में कृतिका ने न सिर्फ अपनी टीम का नेतृत्व किया, बल्कि शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया।

ग्रामीणों के लिए विश्व कप जीतने से कम नहीं ये खुशी। कृतिका की इस उपलब्धि की जानकारी जैसे ही ग्रामीणों को मिली पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई।

कस्बे के ही संदीप चावला का कहना है कि एक छोटी सी गांव की बेटी का कैप्टन बनकर नेशनल लेवल पर गोल्ड मेडल जीतना हमारे लिए किसी भी वर्ल्ड कप से कम नहीं है। यह उन सभी बेटियों के लिए प्रेरणा है जो कम संसाधनों के बावजूद आगे बढ़ाने के हौसलों को संजोए रखने हैं।

### मंगलवार को होगा भव्य स्वागत

घोड़ों पर सवार होकर निकलेगा



जुलूस,

कृतिका के मंगलवार को दौलतगढ़ गांव पहुंचने पर ऐतिहासिक स्वागत की तैयारी शुरू कर दी गई है। ग्रामीणों ने बताया कि दौलतगढ़ बस स्टैंड स्थित बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर माला अर्पण के साथ कार्यक्रम शुरू होगा। कृतिका घोड़े पर सवार कर ढोल-नगाड़ों के साथ पूरे गांव के मुख्य मार्गो से भव्य जुलूस निकाला गया।

'कृतिका की ये सफलता हर युवा के लिए एक नाम है। इससे गांव के अन्य साथियों को भी खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।'

**संदीप चावला, ग्रामीण**

# झरना महादेव में आम चोकला प्रजापति समाज मनाएगा

## श्री यादें मां जन्म जयंती महोत्सव, जिलेभर से जुटेंगे समाजजन



स्मार्ट हलचल

**मोड़ का निंबाहेड़ा।** मंदिरों की नगरी झरना महादेव में मंगलवार को समस्त आम चोकला प्रजापति कुम्हार समाज की ओर से भव्य रूप से श्री यादें मां जन्म जयंती महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जिलेभर से समाजजन, जनप्रतिनिधि एवं विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में भाग लेंगे। आयोजन को लेकर मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया है तथा श्रद्धालुओं द्वारा हवन कुंड में आहुतियां दी गईं।

समाज के कोषाध्यक्ष गोपाल लाल प्रजापति (पिंटू) ने बताया कि कार्यक्रम में भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक उदयलाल भढ़ाना, विधायक जबर सिंह सांखला, सरपंच रुक्मिणी देवी माली, प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश चंद्र प्रजापत, मोहनलाल प्रजापति, एडवोकेट श्रवण लाल प्रजापति, अध्यक्ष गोवर्धन लाल प्रजापति, उपाध्यक्ष उदयलाल प्रजापति सहित समाज के अनेक पदाधिकारी व गणमान्यजन मौजूद रहेंगे।

कार्यक्रम की शुरुआत सोमवार रात्रि को विशाल भजन संध्या से होगी, जिसमें लोक कलाकार श्री मायादे मां के भजनों की प्रस्तुति देंगे। मंगलवार को सुबह 11 बजे भामाशाह एवं अतिथि सम्मान समारोह, दोपहर 1 बजे उद्बोधन एवं धर्मसभा, शाम 3 बजे विशाल महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। साथ ही विशाल रक्तदान शिविर भी लगाया जाएगा, जिसमें देश-प्रदेश से समाजजन भाग लेंगे। आयोजकों के अनुसार यह महोत्सव सामाजिक एकता, धार्मिक आस्था एवं सेवा भावना को मजबूत करने का संदेश देगा। झरना महादेव में इस अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है।

# एसआईआर प्रक्रिया मे वोटर्स के नामो को हटाने को लेकर भानु प्रताप के नेतृत्व मे कार्यकर्त्ता ने दिगोद उपखंड अधिकारी को सौपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल



**कोटा।** सोमवार को कोटा देहात के ब्लॉक कांग्रेस सीमल्या व सुल्तानपुर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एस आई आर प्रक्रिया में भाजपा की वोट चोरी के षड्यंत्र, व सामने आई गंभीर अनियमितताओं, बल्क फॉर्म, अधिकारियों पर दबाव एवं वोटर लिस्ट में हेर फेर किये जाने को लेकर देहात कांग्रेस जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में उपखंड कार्यालय दिगोद मे सभी नाम काटे गये सैकडो लोगों के साथ विरोध प्रदर्शन कर दिगोद उपखंड अधिकारी दिगोद को आपत्ति दर्ज करवाकर ज्ञापन दिया। इस दौरान देहात जिलाध्यक्ष देहात कांग्रेस जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह जी ने बताया कि एस आई आर प्रक्रिया के अंतिम दिन एक सुनियोजित साजिश के तहत भाजपा पदाधिकारियों एवं अधिकारियों के माध्यम से बिएलओ पर दबाव डाला गया कि वह कांग्रेस विचारधारा वाले मतदाताओं के नाम काटें। यहां तक की फॉर्म नंबर 7 में पहले से डेटा भरकर बिएलओ को थमाया जा रहा है। जो सीधे तौर पर निष्पक्ष चुनावी प्रक्रिया पर हमला है। तथा फॉर्म नंबर 6,7,8 की संकलित सूची भी उपलब्ध करवाने और बल्क में जमा किए गए फॉर्म पर किसी भी प्रकार का संज्ञान नहीं लेने की मांग की। नियम अनुसार इलेक्ट्रोल मैन्युअल 2023 के पेरा संख्या 11.3.2 (2) के अनुसार बल्क में आवेदन प्राप्त नहीं किये जा सकते। नियम विरुद्ध फार्म जमा करने वालों के ऊपर कानूनी कार्रवाई की मांग की। इस दौरान देहात जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह, सीमल्या ब्लॉक अध्यक्ष गीता मेघवाल, सुल्तानपुर ब्लॉक अध्यक्ष महेन्द्र गोचर, जिला उपाध्यक्ष हरि प्रकाश शर्मा, पंचायत समिति सदस्य अब्दुल रईस खान, सत्य नारायण मेघवाल रसीद खान मोबिन पठान चाँद भाई बुद्धि भाई नहीम खान अमीन खान मदिन बबलू रसीद जुनेद सराफत सदाम सहित सैकडो ग्रामीण लोग मौजूद रहे।

# कोटा विश्वविद्यालय का अंतरराष्ट्रीय विस्तार, उज्बेकिस्तान से बढ़ेगा शैक्षणिक सहयोग



स्मार्ट हलचल | कोटा

कोटा विश्वविद्यालय और उज्बेकिस्तान स्थित अंतरराष्ट्रीय पर्यटन एवं सांस्कृतिक विरासत विश्वविद्यालय 'सिल्क रोड' के बीच शैक्षणिक सहयोग को लेकर एक वर्चुअल बैठक आयोजित की गई।यह बैठक अंतरराष्ट्रीय मामलों के कार्यालय, कोटा विश्वविद्यालय के माध्यम से संपन्न हुई, जिसमें दोनों संस्थानों के बीच भविष्य की अकादमिक साझेदारी को लेकर व्यापक विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में दोनों संस्थानों के बीच भविष्य की अकादमिक साझेदारी, वर्ष 2026 की संयुक्त कार्ययोजना तथा विभिन्न सहयोगात्मक पहलों पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक का प्रमुख बिंदु कोटा विश्वविद्यालय में उज्बेक भाषा विभाग की स्थापना रहा।सिल्क रोड विश्वविद्यालय की ओर से उज्बेकिस्तान के उपकुलपति प्रो. जोसेफ हॉफमैन, डॉ. इरीना कादिरोवा (हेड ऑफ ग्लोबल एजुकेशन एवं इंटरनेशनल टीचर्स एंड स्टूडेंट अफेयर्स), डॉ. मस्तुरा सिदिकोवा (हेड, कल्चरल स्टडीज) ने बैठक में भाग लिया। वहीं कोटा विश्वविद्यालय की ओर से कुलगुरू प्रो. बी.पी. सरस्वत एवं अंतरराष्ट्रीय मामलों के कार्यालय की निदेशक प्रो. डॉ. अनुक्रति शर्मा उपस्थित रहीं।

कोटा विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. बी.पी. सरस्वत ने अपने संबोधन में कहा कि 'कोटा विश्वविद्यालय वैश्विक स्तर पर अकादमिक सहयोग को निरंतर बढ़ावा दे रहा है। उज्बेकिस्तान की सिल्क रोड यूनिवर्सिटी के साथ प्रस्तावित सहयोग से भाषा, संस्कृति, पर्यटन एवं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नए अवसर सृजित होंगे।

### नए एमओयू और छात्रवृत्ति पर सहमति

अंतरराष्ट्रीय मामलों के कार्यालय की निदेशक प्रो. डॉ. अनुक्रति शर्मा ने बताया कि वर्चुअल बैठक के दौरान दोनों पक्षों ने नए समझौता ज्ञापन (स्न्श्) पर हस्ताक्षर करने, छात्रवृत्ति योजनाओं के माध्यम से कोटा विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय छात्रों के नामांकन तथा संयुक्त शैक्षणिक कार्यक्रम शुरू करने पर सहमति व्यक्त की।

यह पहल ऑफिस ऑफ इंटरनेशनल अफेयर्स, कोटा विश्वविद्यालय के माध्यम से की जा रही है, जिसका उद्देश्य विश्वविद्यालय को वैश्विक शिक्षा नेटवर्क से जोड़ना है।

# महाराणा प्रताप का जीवन स्वाभिमान और त्याग की प्रेरणा: चैन सिंह राठौड़

स्मार्ट हलचल | कोटा

ग्राम डोल्या में ग्रामवासियों द्वारा रामजानकी मंदिर परिसर में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोटा डेयरी के चेयरमैन चैन सिंह राठौड़ उपस्थत रहे। इस अवसर पर ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं युवाओं ने महाराणा प्रताप जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कोटा मार्केटिंग सोसायटी के अध्यक्ष निहाल सिंह राठौड भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चैन सिंह राठौड़ ने कहा कि महाराणा प्रताप भारतीय इतिहास के ऐसे महान योद्धा थे, जिन्होंने स्वाभिमान, स्वतंत्रता और राष्ट्रधर्म के लिए जीवन पर्यंत संघर्ष किया। उनका जीवन हमें आत्मसम्मान, त्याग और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देता है। आज की युवा पीढ़ी को उनके आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन यह सिखाता है कि परिस्थितियाँ कितनी भी कठिन क्यों न हों, सत्य और स्वाभिमान के मार्ग से कभी विचलित नहीं होना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनसमूह ने उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# सालवी समाज सावा चौखला की मासिक बैठक सम्पन्न, समाज हित में लिये कई निर्णय

स्मार्ट हलचल | ओम जैन

शंभूपुरा। सालवी समाज सावा चौखला की मासिक बैठक रविवार 18 जनवरी अमावस्या पर सावा स्थित बाबा रामदेव मंदिर पर सम्पन्न हुई। बैठक में सावा चौखला के 36 गांवों के लगभग 125 समाजजन मौजूद रहे।

बैठक में सर्वसम्मति से सामाजिक उत्थानों के विभिन्न निर्णय पारित किय गये। समाज की जाजम पर नशा पूर्णतया बंद रहेगा, मृत्युभोज, गंगोज केवल एक टाईम व एक मिठाई निर्धारित होगी। मृत्युभोज, गंगोज, शादी मायरा, प्रसादी, मूंडन, गोल, बीटी आदि सामाजिक कार्यक्रमों में कपड़ा प्रथा पूर्णतया बंद रहेगी, इसके स्थान पर नगद राशि दे सकेंगे। कपड़े केवल ननिहाल, ससुराल एवं दादेरा के ही मान्य होंगे। रिटर्न गिफ्ट देना पर्णतया बंद रहेगा, मृत्युभोज में लेण पूर्णतया



बंद रहेगी, गंगोज में पतवारी आने-जाने के लिए डीजे पूर्णतया बंद रहेगा, शादी में आधा किलो चांदी एवं दो तोला सोना से अधिक लाने पर प्रतिबंद रहेगा, समाज में शिक्षा, सामूहिक विवाह सम्मेलन करवाने हेतु प्रेरित किया, खेल एवं समाज के प्रतिभावान बालक बालिकाओं को आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। सभी नियमों का पालन करने की सभी समाजजनों ने बाबा रामदेव मंदिर में शपथ लेकर संकल्प लिया। अंत में आभार चौखला अध्यक्ष श्यामलाल सालवी व कोषाध्यक्ष मांगीलाल सालवी ने जताया।

# आरकेआरसी व्यास माहेश्वरी महिला संगठन द्वारा मकर संक्रांति महोत्सव आयोजित

## सदस्यों को तिलक लगाकर व गुड़ की रेवड़ी खिलाकर किया स्वागत, चाइनीज मांझे का उपयोग नहीं करने की ली शपथ

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** नव वर्ष के शुभ आगमन पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आरकेआरसी व्यास माहेश्वरी महिला संगठन के तत्वावधान में मकर संक्रांति महोत्सव का आयोजन अध्यक्ष डॉ चेतना जागेटिया व सचिव मीनू झंवर के सानिध्य में दोपहर 2.30 बजे से आरकेआरसी व्यास महेश भवन में किया गया जिसमें सभी सदस्याएं सज-संवरकर आई सभी बहनों का तिलक लगाकर व गुड़ की रेवड़ी खिलाकर स्वागत किया गया तथा सभी ने एक दूसरे को नववर्ष की बधाइयां दी। प्रांतीय वेशभूषा की प्रतियोगिता का आयोजन कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा जिसमें सभी प्रतियोगी अलग-अलग प्रांतों की वेशभूषा में सज- धज कर आए। प्रचार मंत्री सुनीता काबरा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत भगवान महेश की वंदना व ठाकुर जी



के भजनों के साथ हुई जिसमें सभी सखियों ने नृत्य करते हुए आनंद के साथ बढ़ चढ़कर भाग लिया तथा साथ ही हाऊजी ग्रुप गेम सितोलिया आदि विभिन्न तरह के मनोरंजन व आकर्षक गेम्स खिलाए गए तथा सभी विजेताओं को पारितोषिक प्रदान किया गया तथा सभी सदस्यो ने गौसेवा का संकल्प लिया और अध्यक्ष, सचिव कोषाध्यक्ष द्वारा सभी बोर्ड सदस्याओं का भी सम्मान किया गया। अंत में सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल की वंदना नवाल, इंदिरा हेडा, सुमित्रा दरगड, स्नेहलता तोषनीवाल, सुनीता मुंदड़ा, सुनीता नराणीवाल, रंजना बिड़ला, सुमन दरगड़, विनीता नवाल, सरोज सोमानी, मंजुला मंत्री, मधु बिड़ला, रेनू समदानी, दीपशिखा सारडा, सुनीता बिड़ला, उषा राठी, सीमा बिड़ला, पल्लवी लढा, पूनम डाड, शिखा समदानी, मीतिका लढा, प्रिया न्याति, आशा दरगड़, सोनू कोगटा, शिल्पा कास्ट, भारती मोदानी, ज्योति आगाल सहित कई सदस्याएं उपस्थित थी।

# एडवोकेट रामेश्वर मेवाड़ा बने राज. प्रदेश कांग्रेस विधि विभाग के प्रदेश महासचिव

स्मार्ट हलचल | ब्यावर

नगर परिषद ब्यावर के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एडवोकेट रामेश्वर मेवाड़ा को राज.प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा की अनुमति से राज.प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विधि,मानवाधिकार व आर. टी.आई. विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट कुलदीप पुनिया द्वारा ,प्रदेश महासचिव पद पर नियुक्ति प्रदान की है।उल्लेखनिय हैकि एडवोकेट रामेश्वर मेवाड़ा वरिष्ठ कांग्रेसी नेता है, वे अभिभाषक संघ ब्यावर के अध्यक्ष भी रहे है। तथा ब्यावर कांग्रेस में उपाध्यक्ष है। एडवोकेट रामेश्वर मेवाड़ा की राज प्रदेश कांग्रेस विधि ,मानवाधिकार व आर.टी.आई. विभाग के प्रदेश महासचिव पद पर नियुक्ति पर कांग्रेस जनो द्वारा हर्ष व्यक्त किया व कॉग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा व एडवोकेट कुलदीप पुनिया का आभार प्रकट किया व एडवोकेट रामेश्वर मेवाड़ा को बधाईया दी है।



# राष्ट्रीय स्तरीय खटीक समाज क्रिकेट टूर्नामेंट में भीलवाड़ा विजयी

## विजेता टीम के भीलवाड़ा लौटने पर किया भव्य स्वागत, कप्तान मनोज खोईवाल के निवास तक निकाला जुलूस



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** दीनबंधु सेवा ट्रस्ट द्वारा सूरत गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के खटीक समाज क्रिकेट टूर्नामेंट में भीलवाड़ा खटीक समाज टीम ने भाग लिया। जिसमें भीलवाड़ा टीम ने कप्तान मनोज खोईवाल के नेतृत्व में भीलवाड़ा खटीक समाज की टीम ऐतिहासिक विजय हासिल की। जीत के उपलक्ष्य में टीम के भीलवाड़ा लौटने पर खटीक समाज व समर्थकों ने लैंडमार्क होटल से सांगानेरी गेट होते हुए दादाबाड़ी स्थित कप्तान मनोज खोईवाल के निवास तक भव्य जुलूस निकाला गया। रास्ते में सांगानेरी गेट सहित जगह जगह पर प्रशंसकों ने स्वागत किया। जुलूस के दादाबाड़ी पहुंचने पर स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया और ढोल, डीजे के साथ आतिशबाजी कर जश्न मनाया गया। इस दौरान कई समाज के सम्मानित बुजुर्ग, युवा और समर्थक उपस्थित थे।

# अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत की प्रदेश स्तरीय बैठक सम्पन्न

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत की प्रदेश स्तरीय बैठक प्रदेश अध्यक्ष केसरसिंह चंपावत की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि गजेंद्र सिंह राठौड़ व प्रदेश महामंत्री संयुक्त कर्मचारी महासंघ एकीकृत के जगेश्वर शर्मा के सानिध्य में यूथ क्लब विधानसभा के पास जनपथ मे संपन्न हुई। जिसमें राज्य स्तरीय विभिन्न विभागों के मांग पत्र, प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार एवं पुनर्गठन, महासंघ की जिला इकाइयों का पुनर्गठन, विस्तार और मजबूती के लिए प्रदेश में प्रवास कार्यक्रम के लिए भी अलग-अलग बियालीस संगठनों के पदाधिकारी एवं अध्यक्षों ने भाग लिया।जिसमें प्रदेशमहामंत्री जगेश्वर शर्मा संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए संगठन अपने अनुभव साझा किया संयुक्त कर्मचारी महासंघ जिला अध्यक्ष रमेश शर्मा ने प्रदेश स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया। जिसमें मुख्यमंत्री मुख्य अतिथियों



जोधपुर से जिला अध्यक्ष संयुक्त कर्मचारी महासंघ एकीकृत जसवंत सिंह भाटी, महासंघ के पदाधिकारी विक्रम सिंह चौहान, अखिल राजस्थान प्रबोधक संघ के गुमान सिंह गहलोत प्रदेश प्रवक्ता संविदा निविदा के कर्मचारियों को नियमित करण डूंगरपुर के जिला अध्यक्ष ने पेरा टीचर की समस्या संयुक्त कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष ईश्वर सिंह तंवर सभी जिलों में संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए अपने अनुभव साझा किए संयुक्त कर्मचारी महासंघएकीकृत भीलवाड़ा की संयुक्त महामंत्री व शिक्षक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने विस्तार से कर्मचारियों की एक-एक समस्याओं निराकरण करने के उपाय को मांगों में सम्मिलित किया जाए एमडीएम के भुगतान वह शिक्षकों को गैर सरकारी कार्यों से मुक्त किया जाए।भीलवाड़ा जिले से जिला अध्यक्ष किशन सिंह राठौड़ ने अखिल राजस्थान प्रबोधक की पुरानी सेवा की गणना को मुख्य मांग रखा जाए।अखिल राजस्थान प्रबोधक संघ प्रदेश महामंत्री सुरेश चंद्र रेगर आईटी सेल प्रभारी एवं संयुक्त कर्मचारी महासंघ एकीकृत ब्लॉक अध्यक्ष शाहपुरा गजराज सिंह राठौड़, राजमल बंजारा, संयुक्त कर्मचारी महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष मानक लाल सुवालका , ब्लॉक अध्यक्ष रोशन लाल सालवी गंगापुर, जिला महामंत्री कमलेश सालवी, भेरूलाल, धन्ना राम बालोतरा जिला अध्यक्ष सचिवालय से उपेंद्र यादव ने हर समय कर्मचारियों की समस्याओं के लिए तैयार रहकर कार्य करने पर जोर दिया जलदाय विभाग बीकानेर से रमेश उपाध्याय ने कर्मचारियों की समस्याओं पर सभी को अवगत कराया इस अवसर पर जयपुर जिला अध्यक्ष सुनील शर्मा को मनोनीत किया गया एवं माल्यार्पण कर सभी ने स्वागत किया। नागौर से भंवर पुरोहित हरिश्चंद्र प्रजापति ने कर्मचारियों की मांगों पर मंथन करके सभी विभागों की एक-एक मुख्य मांग लेकर उसकानिराकरण किया जाए आज के मुख्य अतिथि गजेंद्र सिंह राठौड़ ने विस्तार से कर्मचारियों की रणनीति पर विचार मंथन करके मुख्यमंत्री महोदय का कार्यक्रम किया जाए इस पर विचार रखे अखिल राजस्थान प्रबोधक संघ के प्रदेश प्रवक्ता चंद्रभान सिंह नाथावत, प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल सिंह नरूका ने भी अपनी संगठन के प्रति अपने विचार रखिए एवं मजबूती प्रदान करने के लिए रणनीति के अनुभव साझा कियाअंत में प्रदेश अध्यक्ष चंपावत ने बैठक में पधारे हुए सभी पदाधिकारी 25 जिला अध्यक्षों का हृदय से स्वागत किया गया आज की समय में सबसे बड़ा कोई संगठन है तो संयुक्त कर्मचारी महासंघ एकीकृत का है चंपावत की नेतृत्व में सभी कर्मचारियों की राय पर मुख्यमंत्री कार्यक्रम की राय मांगी जिसकी सहमति सभी जिला अध्यक्ष ने प्रदान की एवं संगठन को मजबूत बनाने के लिए हर जिले का दौरा करने का एवं जिला अध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति का सभी जिलों में संगठन को मजबूती प्रदान करने का आह्वान किया।

# शिव बारात के रंग में रंगी सांवरिया बस्ती विराट हिंदू सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब 4 हजार लोगों ने ग्रहण किया सामूहिक भोज

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

सांवरिया बस्ती (वार्ड 19-20) में रविवार को 'बस्ती विराट हिंदू सम्मेलन' के माध्यम से हिंदू शक्ति और सामाजिक एकजुटता का भव्य प्रकटीकरण हुआ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के निमित्त आयोजित इस कार्यक्रम का शंखनाद प्रातः काल वार्ड नंबर 19 स्थित सहजानंद आश्रम से प्रभात फेरी के साथ हुआ प्रभात फेरी के दौरान श्रद्धालुओं ने बस्ती में जन-जागरण करते हुए प्रत्येक प्रमुख चौराहों पर दोपहर की शिव बारात एवं 'एक संगत-एक पंगत' (सामूहिक भोज) के आयोजन की जानकारी दी भजन-कीर्तन के साथ निकाली गई इस फेरी में कार्यकर्ताओं ने सूचना पत्रकों का वितरण कर समाज को जागरूक किया भक्ति के रंग में रंगे इस माहौल में बच्चे, युवा, बुजुर्ग और मातृशक्ति भजनों की धुन पर नाचते-गाते हुए निकले हाथों में भगवा ध्वज और 'जय श्रीराम' के उद्घोष से समूचा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा।



### सांवरिया सेठ मंदिर से निकली भव्य शिव बारात धरती पर उतरा देवलोक

सांवरिया बस्ती (वार्ड 20) स्थित श्री सांवरिया सेठ मंदिर से जब शिव बारात का शुभारंभ हुआ, तो ऐसा प्रतीत हुआ मानो कैलाश पर्वत स्वयं धरती पर उतर आया हो इस अलौकिक दृश्य ने समूचे क्षेत्र को भक्ति के रस में डुबो दिया बारात में सजी सजीव झाँकियाँ आकर्षण का मुख्य केंद्र रहीं, जहाँ बस्ती के युवाओं ने देवताओं का रूप धरकर श्रद्धालुओं, पूरी बस्ती को मंत्रमुग्ध कर दिया जिसमें सजीव झांकियो में दिनेश और दिलखुश सेन ने महादेव और माता पार्वती के रूप में साक्षात शिव-शक्ति का बोध कराया वहीं, दर्पण और कनक लोढ़ा ने भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी के वैभव को दर्शाया ब्रह्मा के रूप में शिवरतन पारीक और नारद मुनि के वेश में मेहमान कलाकार रामचंद्र मूंदड़ा ने अपनी प्रस्तुति से दृश्य को पौराणिक काल जैसा जीवंत बना दिया बस्ती की बालिकाओं द्वारा सजाया गया 'राम दरबार' मर्यादा पुरुषोत्तम के प्रति अटूट श्रद्धा को दर्शा रहा था बारात की विशेषता यह रही कि इसमें शामिल सभी पुरुषों ने एक समान 'केसरिया साफा' धारण किया था, जो एकता और सनातन संस्कृति की भव्यता का प्रतीक बना और 'बुलेट राजा' राहुल की दहाड़ के साथ शुरू हुई इस यात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा।

### अखाड़े के हैरतअंगेज करतब और मातृशक्ति द्वारा शक्ति का शौर्य प्रदर्शन

जैसे-जैसे बारात आगे बढ़ी, स्वागत और शौर्य का एक नया अध्याय जुड़ता गया मुख्य मार्गों पर पुष्प वर्षा और तिलक लगाकर बारातियों,शोभा यात्रा का भव्य अभिनंदन किया गया जगह-जगह सामूहिक आरती का आयोजन हुआ,जहाँ कुटुंब सहित झाँकियों के रूप में विराजमान देवताओं का आशीर्वाद लिया इस बारात, शोभा यात्रा का सबसे रोमांचक और ऊर्जावान हिस्सा 'दुर्गा शक्ति अखाड़ा' रहा अखाड़ा प्रमुख बहन कविता और उनकी टीम ने अपनी लाठियों और साहसी करतबों से वीरता का ऐसा प्रदर्शन किया कि उपस्थित जनसमूह 'वीर रस' से भर उठा बहनों के इस अदम्य साहस ने नारी शक्ति की एक नई परिभाषा पेश की वहीं दूसरी ओर सजी-धजी महिलाओं की मंडलियों ने भजन-कीर्तन और नृत्य से वातावरण को आनंदमय बना दिया नाचते-गाते श्रद्धालुओं और बस्तीवासियों के उत्साह ने इस बारात को एक ऐतिहासिक उत्सव में बदल दिया यह भव्य शोभा यात्रा,बारात मुख्य मार्गों से होती हुई आज़ाद नगर स्थित 'अग्रसेन मांगलिक भवन' पर पूर्ण वैभव के साथ संपन्न हुई।

### मंच कार्यक्रम सांस्कृतिक प्रस्तुति संत प्रवचन, प्रस्तावना

संत सानिध्य सहजानंद आश्रम श्रद्धानंद जी महाराज संकट मोचन बालाजी मंदिर रामनिवास महाराज, महानगर दीपक जी सेन एडवोकेट सुनीता सांखला समिति अध्यक्ष जगदीश पुरोहित मंच आसीन हुए सर्प्रथम दीप प्रज्वलन के साथ श्री गणेश वंदना प्रस्तुति करते हुए कार्यक्रम की शुरुवात की गई बस्ती से वार्ड 19 पार्षद राम लाल योगी नगर निगम महापौर, पार्षद 20 राजेंद्र पोरवाल, पूर्व पार्षद गोविन्द नारायण राठी, भगवती लाल गुर्जर, मनीष सांखला, बाबू लाल सुथार सत्यनारायण सोनी, बजरंग शर्मा द्वारा अतिथियों, संतों का स्वागत सत्कार किया गया समिति कार्यकर्ता कैलाश विश्नोई ने मंच द्वारा संघ प्रस्तावना रखते हुए विजयदशमी 1925 को नागपुर में रोपा गया एक छोटा सा बीज आज विश्व का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन बन चुका है। संघ के ये 100 वर्ष केवल विस्तार के नहीं, बल्कि वैचारिक संघर्ष, तीन बार लगे प्रतिबंधों के विरुद्ध अडिग रहने, और राष्ट्र की सांस्कृतिक चेतना को पुनर्जीवित करने की साधना के रहे हैं 'व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण' के संकल्प के साथ, संघ ने विभाजन की विभीषिका से लेकर आधुनिक भारत के सामाजिक परिवर्तन तक, हर मोर्चे पर राष्ट्र को सर्वोपरि रखने का संघर्ष किया है हिंदुत्व युवा संघ की रोहित मारू टीम द्वारा महाकाल आरती की ऐसी भव्य और लयबद्ध प्रस्तुति दी गई कि पांडाल में मौजूद हर भक्त शिवभक्ति में लीन हो गया।

मुख्य वक्ता का उद्बोधन श्री दीपक सेन, महानगर कार्यवाह का सवाई भोज सावरिया बस्ती में

महानगर कार्यवाह दीपक जी भाई साहब ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कि आज संघ के 100 वर्षों का यह सफर केवल कैलेंडर की तारीखें नहीं, बल्कि लाखों स्वयंसेवकों के अनथक परिश्रम की गाथा है उन्होंने जोर देकर कहा कि संघ की असली ताकत उसकी 'शाखा पद्धति' है, जहाँ व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण का कार्य होता है उन्होंने स्पष्ट किया कि आज यदि समाज का अटूट विश्वास संघ पर है, तो उसका कारण प्रचारकों और कार्यकर्ताओं का वह निस्वार्थ आचरण है, जिसमें 'स्व' से पहले 'सर्वोपरि राष्ट्र' को रखा गया है। प्रचारक जीवन की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि एक प्रचारक अपना घर-परिवार छोड़कर समाज को ही अपना परिवार मान लेता है, और इसी तप का परिणाम है कि आज कन्याकुमारी से कश्मीर तक संघ की उपस्थिति है उन्होंने जोर देकर कहा कि आज समाज में संघ के कार्यकर्ताओं की साख इतनी गहरी है कि जब किसी कार्य की कमान संघ का कार्यकर्ता संभालता है, तो समाज आँख मूंदकर यह विश्वास करता है कि 'यदि संघ का स्वयंसेवक है, तो कार्य पूरा अनुशासन और सही ढंग से ही संपन्न होगा कार्यक्रम के सफल समापन के अवसर पर समिति अध्यक्ष श्री जगदीश पुरोहित ने मंच से सभी का आभार प्रकट किया उन्होंने इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से योगदान देने वाले सभी सहयोगकर्ताओं, कार्यकर्ताओं और दानदाताओं का हृदय से धन्यवाद किया सभी का सम्मान करते हुए कार्यक्रम को औपचारिक विराम दिया अंत में भक्ति और राष्ट्रवाद का अद्भुत संगम भारत माता की सामूहिक आरती के साथ मंच कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### सामाजिक समरसता का महासंगम 'एक सगत-एक पंगत' बस्ती महाभोज

स्थानीय अग्रसेन मांगलिक भवन में 'एक सगत-एक पंगत' अभियान के तहत एक ऐतिहासिक 'बस्ती महाभोज' का सफल आयोजन किया गया कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ हजारों लोगों द्वारा एक स्वर में 'भोजन मंत्र' का श्रद्धापूर्वक उच्चारण करते हुए किया गया यह आयोजन केवल एक सामूहिक भोज नहीं, बल्कि जातिगत दूरियों को मिटाकर संपूर्ण हिंदू समाज को एक सूत्र में पिरोने का एक जीवंत उदाहरण बना इस अवसर पर आयोजकों ने संदेश दिया कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में आपसी मेलजोल बढ़ता है और छुआछूत जैसी कुरीतियों का जड़ से अंत होता है 'एक सगत-एक पंगत' की इस पावन परंपरा ने समाज में एकता और समानता की नई अलख जगाई इस ऐतिहासिक 'बस्ती महाभोज' की सफलता में समाज के हर व्यक्ति का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से अभूतपूर्व सहयोग प्राप्त हुआ है सेवा के इस महायज्ञ में सहयोग देने वाले समर्पित कार्यकर्ताओं और सहयोगियों की सूची इतनी लंबी है कि प्रत्येक नाम को यहाँ अंकित करना संभव नहीं है।

# भीलवाड़ा टेक्सटाइल एवं हैंडीक्राफ्ट मेला 2026: एक अनूठा आयोजन

**21 से 26 जनवरी तक होगा टेक्सटाइल एवं हैंडीक्राफ्ट मेले का भव्य आयोजन**

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

जिला प्रशासन और उद्योग प्रोत्साहन संस्थान (डिक) के संयुक्त तत्वावधान में 'भीलवाड़ा टेक्सटाइल एवं हैंडीक्राफ्ट मेला 2026' का आयोजन 21 जनवरी से 26 जनवरी 2026 तक ग्रामीण हाट, भीलवाड़ा में किया जाएगा।

इस मेले में 60 आकर्षक स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनमें से 14 स्टॉल One District One Product (ODOP) योजना के अंतर्गत टेक्सटाइल से संबंधित होंगे। मेले में भीलवाड़ा सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों के टेक्सटाइल उद्यमी, बुनकर, हस्तशिल्पकार और स्वयं सहायता समूह अपने उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री करेंगे।

मेले का मुख्य उद्देश्य भीलवाड़ा की टेक्सटाइल पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर सशक्त करना, स्थानीय कारीगरों और लघु उद्यमियों को विपणन का सशक्त मंच प्रदान करना है। मेले में टेक्सटाइल उत्पादों के साथ-साथ पारंपरिक हस्तशिल्प, कालीन, रेडीमेड वस्त्र, लेदर उत्पाद, जूते-मोजड़ी, संगमरमर शिल्प, घरेलू सजावटी सामग्री, आचार मुरब्बा, हर्बल उत्पाद, पापड़, किड्स वियर और स्थानीय खाद्य उत्पाद उपलब्ध रहेंगे।

इस मेले के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिसमें आमजन को खरीदारी के साथ-साथ समृद्ध सांस्कृतिक अनुभव भी प्राप्त होगा। जिला प्रशासन ने आमजन से मेले में अधिक से अधिक संख्या में पधारने की अपील की है।

# जिला पटवार सघं के चुनाव सम्पन्न



स्मार्ट हलचल| करेडा

जिला पटवार सघं के चुनाव रविवार को हुए। जिसमें सर्व सम्मति से बलवीर चौधरी को जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया इसके साथ ही कार्यकारिणी का भी गठन करते हुए प्रेम चन्द सालवी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, योगेश भाटी उपाध्यक्ष, दशरथ चौधरी मंत्री, दिनेश कुमावत सयुंक्त मन्त्री, अभिषेक खाडंल संगठन मन्त्री, प्रवीण कुमार कोषाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया

वहीं चुनाव में जिले की 16 उप शाखाओ के सदस्यों ने भाग लिया। चुनाव अधिकारी नारायण लाल गुर्जर, अरूण कुमार, सौमित्र दाधीच, शिवेन्द्र पारीक ने सम्पन्न कराते हुए सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई।

# जिला साहित्यकार परिषद की काव्य गोष्ठी सम्पन्न

**नव वर्ष, गणतंत्र दिवस, देश भक्ति की रचनाओं के साथ-साथ श्रृंगार रस व राजस्थानी भाषा में सुंदर रचनायें की प्रस्तुत**

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** जिला साहित्यकार परिषद् भीलवाड़ा की नव वर्ष की प्रथम काव्य गोष्ठी सिन्धुनगर स्थित हेमू कालाणी सिन्धी शिक्षण संस्था परिसर में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता दयाराम मेठानी ने की एवं संचालन महेन्द्र शर्मा ने किया। गोष्ठी में नव वर्ष, गणतंत्र दिवस, देश भक्ति की रचनाओं के साथ-साथ श्रृंगार रस व राजस्थानी भाषा में सुंदर रचनायें प्रस्तुत की गई। गोष्ठी का आरंभ सरस्वती वंदना से हुआ। सर्वप्रथम दीक्षा पंचोली ने अपनी रचना प्रस्तुत करते हुए कहा 'वो रात क्यों आई जो दिल को हिला गई', राजेश मित्तल ने 'तुमको हँस कर दिखला देंगे इतने भी




कमजोर नहीं है', श्रीमती प्रेम सोनी ने 'संविधान लोकतंत्र की धड़कन है', बंसीलाल पारस ने 'वक्त की रेत मेरी मुट्ठी से फिसल रही', चित्रा भाटिया ने 'बहुत शोर है मेरे मन में पर खामोश बहुत हूँ', शिखा बाहेती ने 'दे दिया स्वाधीनता का हमे उपहार तुमने', गायत्री सरगम ने 'उन्हें प्यार नहीं हमसे इतना तो समझते हैं', गोपाल शर्मा ने 'कारवां चलता रहे, ज़िन्दगी चलती रहे', डॉ. अवधेश जौहरी ने 'मेरी खामोशियां कभी किसी से कुछ नहीं कहती', दिनेश दीवाना ने 'आधी रात को जब नींद उड़ जाए उस वक्त तेरी याद सताए', ओम उज्जवल ने राजस्थानी में 'गुजरिया गंगा जी मत जा, गंगाजी खुद आवेगी थारे ठाणे', जयप्रकाश भाटिया ने राजस्थानी में अति सुंदर गीत 'रैवे क्यों रे म्हासे तणी तणी, बाली रे लागे म्हने घणी', सुनाकर सभी को गुदगुदाया। महेंद्र शर्मा ने राष्ट्र धर्म सबसे ऊपर है और वंदे मातरम गा न सको तो स्वागत गान व्यर्थ है', दयाराम मेठानी ने 'देश से हर आदमी को प्यार होना चाहिए, धर्म से बढ़कर कर्म का आधार होना चाहिए', सुना कर तालियां बटोरी। काव्य गोष्ठी में डॉ. हरिओम पंचोली, दिव्या ओबेराय, अपेक्षा व्यास, श्याम सुंदर तिवारी एवं बृजसुंदर सोनी ने अपनी रचनाओं पर वाहवाही बटोरी।

# मेड़ता रोड के पार्श्वनाथ जैन मंदिर में आराधना उपधान तप का भव्य आयोजन

स्मार्ट हलचल

**मेड़ता रोड।** मेड़ता रोड की पावन भूमि पर स्थित चमत्कारिक श्री फलवृद्धि पार्श्वनाथ जैन मंदिर में इन दिनों आध्यात्मिक वातावरण से ओत-प्रोत आराधना उपधान तप का पुण्य आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के माध्यम से श्रावक-श्राविकाओं को जैन धर्म के मूल सिद्धांतों, दीक्षा, संयम और आत्मशुद्धि की गहन शिक्षा दी जा रही है।

इस पावन अवसर पर तपोरत्न महोदधि परमपूज्य आचार्यदेव श्रीमद् विजय हंसरत्नसूरीश्वरजी महाराजा एवं प्रवचन प्रभावक परमपूज्य आचार्यदेव श्रीमद् विजय तत्त्वदर्शनसूरीश्वरजी महाराज का दिव्य सान्निध्य प्राप्त हो रहा है। उनके ओजस्वी प्रवचनों से श्रद्धालुओं में धर्म, तप और संयम के प्रति विशेष जागृति देखने को मिल रही है।

आचार्यश्री के मार्गदर्शन में उपधान तप की महिमा को सरल शब्दों में समझाया जा रहा है। कहा जा रहा है कि– 'नवकार मंत्र का मिले



अधिकार, उपधान तप की महिमा अपार।

मानव जीवन का एक ही सार, उपधान तप बिना नहीं उद्धार।' 'जैन धर्म में मानव जीवन का सर्वोच्च उद्देश्य आत्मकल्याण माना गया है। जैन कुल में जन्म लेने के पश्चात नवकार महामंत्र का विधिपूर्वक अधिकार प्राप्त करना प्रत्येक श्रावक का कर्तव्य है। यह अधिकार पंचमंगल महाश्रुतस्कंध स्वरूप उपधान तप के माध्यम से ही प्राप्त होता है। उपधान तप को सामायिक धर्म की सर्वोत्तम आराधना कहा गया है, जो आत्मा को शुद्ध कर मोक्ष मार्ग की ओर अग्रसर करती है।

श्री फलवृद्धि पार्श्वनाथ भगवान की छत्रछाया में तथा पूज्य गुरुदेवों के सान्निध्य में यह आध्यात्मिक उपधान तप पूरे विधि-विधान और श्रद्धा के साथ संपन्न कराया जा रहा है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेकर अपने जीवन को धर्ममय बना रहे हैं।

कार्यक्रम के दौरान यह प्रेरणादायक संदेश भी दिया जा रहा है कि–

'सोचते रहोगे तो पूरी जिंदगी बीत जाएगी, समय कभी अपने आप नहीं मिलेगा। हर समय निकालकर धर्म आराधना करनी चाहिए।'

पूज्य माताजी-पिताजी के शुभ आशीर्वाद तथा पावन पितृ दृष्टि से आयोजित यह उपधान तप श्रद्धालुओं के जीवन में आध्यात्मिक परिवर्तन लाने वाला सिद्ध हो रहा है। मेड़ता रोड की यह धर्मधरा एक बार फिर जैन संस्कृति और तप परंपरा की साक्षी बन रही।

# वैष्णव बैरागी समाज ने मनाई जगतगुरु श्री रामानंदाचार्य महाराज की 726वीं जयंती

स्मार्ट हलचल| चौमहला

चौमहला गंगधार क्षेत्र के वैष्णव बैरागी समाज द्वारा भक्ति आंदोलन के प्रणेता एवं समाज के आराध्य देव जगतगुरु श्री रामानंदाचार्य महाराज की 726वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर स्थानीय श्री खाटू श्याम जी मंदिर परिसर में विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत भगवान श्री रामानंदाचार्य महाराज के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। समाज के गणमान्य नागरिकों ने महाराज के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने समाज में समानता और भक्ति का मार्ग प्रशस्त किया था। महिलाओं और पुरुषों ने सामूहिक रूप से आरती और भजन कीर्तन कर वातावरण को धर्ममय बना दिया। इसी के साथ

बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ जन, युवा और महिलाएं सम्मिलित हुए। इस दौरान समाज की एकता और आने वाली पीढ़ी को धार्मिक संस्कारों से जोड़ने पर जोर दिया गया। उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने भगवान रामानंदाचार्य महाराज से सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की।

धार्मिक अनुष्ठानों के पश्चात मंदिर परिसर में ही भोजन प्रसादी का विशाल आयोजन किया गया।


कार्यक्रम में श्याम जी बैरागी, महावीर दास जी बैरागी, मनोहर दास जी बैरागी, बद्री दास जी बैरागी, विनोद जी बैरागी ,भगवान दास जी,संजय बैरागी, भगवान दास जी संजय बैरागी आदि के साथ बड़ी संख्या में समाज गण मान्य लोग तथा समाज की नारी शक्ति उपस्थिति रही।

# बच्चों की मेहनत लाई रंग सवाईपुर के चार खिलाड़ियों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन

**बड़ला की कोमल का भी हुआ चयन**

स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** बिना सुख सुविधा एवं उबड़-खाबड़ मैदान में तो कभी पानी से भरे मैदान में खेलकर अपने खेल का निरंतर प्रदर्शन करने करने का कभी ना कभी फल मिलता है, इसी तरह सवाईपुर विद्यालय के हॉकी खिलाड़ियों की मेहनत आज रंग लाई और विद्यालय से एक साथ चार छात्र-छात्राओं का 17 वर्षीय 69 वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता में चयन हुआ, जिससे लेकर विद्यालय परिवार, ग्रामीणों व हॉकी खेलप्रेमियों में खुशी का माहौल है। 69 वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत ओके 17 वर्ष छात्र प्रतियोगिता में सवाईपुर विद्यालय के तीन छात्र सुनील जाट कक्षा 12, आर्यन पुरोहित कक्षा 10 व अनिल सेन का चयन हुआ, वही 17 वर्ष छात्रा वर्ग में हर्षिता साहू कक्षा 12 का भी राष्ट्रीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता में चयन हुआ। वही राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़ला की छात्रा कोमल जाट का भी 17 वर्ष छात्रा वर्ग में चयन हुआ।



इससे पहले सभी छात्र-छात्राओं का 18 जनवरी से 19 जनवरी तक चयन परीक्षण में चयन हुआ था। 69 वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता का 27 जनवरी से 31 जनवरी तक रांची, झारखंड में आयोजित होगी। जिसमें यह सभी खिलाड़ी राजस्थान की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस पूर्व चयनित खिलाड़ी 20 जनवरी से 23 जनवरी तक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बांदनवाड़ा, अजमेर में पूर्व प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा लेंगे। पूर्व शारीरिक शिक्षक जगदीश चंद्र श्रोत्रिय, स्थानीय कोच ओमप्रकाश सुथार, प्रधानाचार्या डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर, शारीरिक शिक्षक अशोक पोरवाल, शारीरिक शिक्षक सूर्यपाल सुथार, सवाईपुर प्रशासक किशनलाल जाट, बड़ला प्रशासक शिवराज जाट सहित सीनियर हॉकी के खिलाड़ियों में वरिष्ठ जनों ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं बधाई दी।

### सुविधाओं का अभाव फिर भी निखर रही प्रतिभाएं, टर्फ की मांग

स्थानीय कोच ओमप्रकाश सुथार ने बताया कि सवाईपुर व बड़ला के खिलाड़ी प्रतिदिन निरंतर अभ्यास करते हैं, लेकिन खिलाड़ियों को सुविधा पूरी नहीं मिल रही है, फिर भी खिलाड़ी निराश नहीं होते और निरंतर अभ्यास करते रहते हैं, कम सुविधाएं मिलने के बावजूद भी लगातार क्षेत्र से प्रतिभाएं निकल रही हैं और क्षेत्र का नाम रोशन कर रही है। लंबे समय से विद्यालय के खेल मैदान में एक्स्ट्रा टर्फ की मांग कर रहे है, लेकिन अब तक आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं मिला, अगर एक्स्ट्रा टर्फ मिलता है तो और भी कहीं बच्चे आगे निकलकर क्षेत्र का नाम रोशन कर सकते हैं।

# भीलवाड़ा में ऐतिहासिक मुस्लिम किड्स टैलेंट हंट का हुआ आयोजन, शहर की कई फैमिलिया हुई शामिल

स्मार्ट हलचल| भीलवाड़ा

मुस्लिम रॉयल्स ग्रुप भीलवाड़ा के चीफ सदस्य रिजवान बागवान ने बताया कि भीलवाड़ा शहर के गांधी वाटिका में एक बेहद शानदार आयोजन मुस्लिम किड्स टैलेंट हंट आयोजित हुआ जिसमें भीलवाड़ा शहर के 131 बच्चों को हजरत अली रॉयल्स चैम्पियन अवॉर्ड से नवाजा गया

चीफ सदस्य हाजी मोहसिन अली मंसूरी ने बताया कि प्रोग्राम की शुरुवात तिलावत ऐ कुरान के साथ शुरू हुई उसके बाद प्रोग्राम कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथितो का इस्तकबाल ग्रुप के सदस्यों ने किया। चीफ सदस्य उमर नागौरी ने बताया कि इस कार्यक्रम की खुशी बच्चों के चहरे पर झलक रही थी एजुकेशन से जुड़े इस प्रोग्राम को कामयाब करने के लिए बच्चों ने अपने टैलेंट को सबके सामने प्रस्तुत किया। चीफ



सदस्य शाहरुख पठान ने बताया की साइंस मॉडल, आर्ट, क्राफ्ट, स्पीच ओर निबंध में जो प्रस्तुति समाज के सामने बच्चों ने पेश की उसकी जितनी तारीफ की जाए कम हे साइस मॉडल एक से बढ़कर एक बच्चों ने बनाए। चीफ सदस्य हाजी मुजीबुर्रहमान डायर ने सभी बच्चों का तारूफ मेहमानों से करवाया। चीफ सदस्य हमीद रंगरेज ने बताया कि वर्तमान समय में समाज को ऐसे प्रोग्राम की सख्त जरूरत हे मुस्लिम रॉयल्स ग्रुप आगे ऐसे कई आयोजन आयोजित करवाएगा

चेयरमैन शाहबुद्दीन शेख ने बताया कि प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य मुस्लिम समाज के बच्चों को मंच पर लाना, उनका कॉन्फिडेंस बढ़ाना समय के हिसाब से शिक्षा के प्रति उन्हें जागरूक करना उनके हौसला अफजाई करना हे। चीफ सदस्य मोहम्मद अली मंसूरी ने मंच का संचालन किया और बताया कि शहर की कई फैमिली इस प्रोग्राम की गवाह बनी बच्चों का कांफिडेंस देखने लायक रहा स्पीच के लिए बच्चों का मंच पर आना अच्छे परिणाम की निशानी हे। चीफ सदस्य अतीक शेख ने बताया कि निबंध लेखन में बच्चों की राइटिंग बेहद शानदार रही

कार्यक्रम में मुस्लिम रॉयल्स ग्रुप भीलवाड़ा के शाहबुद्दीन शेख, हमीद रंगरेज, हाजी मोहसिन मंसूरी , रिजवान बागवान, हाजी मुजीबुर्रहमान डायर, मोहम्मद अली मंसूरी, मोहम्मद उमर नागौरी, सैय्यद कंवर अली, हाजी उमर डायर, हाजी निजामुद्दीन शेख, अतीक शेख, आसिफ मेवाफरोश, जावेद काजी, यासीन घोसी, फरमान बैग, अतीक शेख शाहरुख पठान, हाजी अकरम छिपा, हाजी रजा छिपा, अजहरुद्दीन शेख, मोहम्मद शाहिद देशवाली, अली शेख, जफर टांक, नफीस मुल्तानी, हाजी असलम सिलावट, वसीम अंसारी, शाकिर अंसारी, मुस्ताक अहमद छिपा, खुशीद अंसारी, रफीक पठान, कय्यूम सक्का, मोहम्मद शाहिद फौजदार मौजूद रहे। अंत में शाहिद देशवाली, अजहरुद्दीन शेख, आसिफ मेवाफरोश, यासीन घोसी ने सभी का प्रोग्राम को सफल बनाने पर शुक्रिया अदा किया। कार्यक्रम में आए चीफ गेस्ट डॉ अखलाक उस्मानी, कारी सलीम अकबरी, डॉ असलम मंसूरी, मोहम्मद शाहिद शेख पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी, डॉ इरफान खान साहब, डॉ नसीम जहां साहिबा, मोहम्मद फारुक डायर पूर्व प्रिंसिपल, नूर इलाही पठान अंजुमन स्कूल प्रिंसिपल, समीउल रहमान प्रिंसिपल, इमरान अंसारी प्रिंसिपल, मदरसा पैराटीचर शबाना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

# प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का जिला सीमा पर किया सम्मान

स्मार्ट हलचल | सूरौठ

कस्बे के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सोमवार को करौली जिला सीमा पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली एवं एआईसीसी सचिव चिरंजी राव का सम्मान किया। हिंडौन देहात ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता प्रमोद तिवाड़ी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष जूली एवं एआईसीसी सचिव राव करौली जिले के गांव टोडुपुरा में कटकड मोड़ पर खेत बचाओ, गांव बचाओ, पहाड़ बचाओ के संदर्भ में किसान आंदोलन को संबोधित करने आए थे। करौली जिला सीमा पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं टोडाभीम विधायक घनश्याम महर, हिंडौन विधायक अनीता जाटव, करौली के पूर्व विधायक लाखन सिंह कटकड, कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश मामू, जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव देशराज मीणा, प्रदेश सचिव राजीव शुक्ला, ब्लॉक कांग्रेस प्रवक्ता प्रमोद तिवाड़ी, विश्राम मीणा, बत्तू मेंबर, पुरुषोत्तम बंसीवाल, केदार मीणा, मगन मीणा, राधा रमन शर्मा, महेश जाटव, यूथ कांग्रेस के हनुमान गुर्जर, दाउद अली सहित काफी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष जूली एवं एआईसीसी सचिव राव की अगुवानी तथा साफे मालाएं पहनाकर अभिनंदन किया।

# लोकतंत्र के मंदिर में पहुंचे आदिवासी युवा, विधानसभा अध्यक्ष से किया संवाद

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा गृह मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में एमिटी विश्वविद्यालय में आयोजित 17वें आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के चौथे दिन युवाओं ने सांस्कृतिक धरोहरों का भ्रमण किया।

सर्वप्रथम प्रतिभागियों को राजस्थान विधानसभा का दौरा कराया गया । जहां प्रतिभागियों को विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से संवाद का अवसर मिला । इस अवसर पर राज्य निदेशक माय भारत राज-स्थान के कृष्णलाल ने कार्यक्रम की संक्षिप्त जानकारी प्रदान की। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने आदिवासी युवाओं के उत्साह और आत्मविश्वास की सराहना की । उन्होंने बताया कि सरकार के प्रयासों से वर्तमान में अतिवाद में कमी आई है। जल्द ही संपूर्ण नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्र भी विकसित भारत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भाषण प्रतियोगिता के तीन विजेताओं जिसमें प्रथम स्थान जकसया कटीमांजी - कालाहांडी, उड़ीसा, दूसरा स्थान अनिता सिंह कुंतिया प. सिंहभूम, द्वितीय स्थान दीपित निहाल, कालाहांडी, उड़ीसा, तृतीय स्थान को चेक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया ।



विधानसभा में युवाओं को राज्य की विधायी प्रक्रिया और लोकतंत्र की गहराई के बारे में जानकारी भी दी गई। प्रतिभागियों ने विधानसभा भवन के इतिहास और उसकी संरचना को देखा और विधायकों के कामकाज की प्रक्रिया को करीब से समझा। विधानसभा संग्रहालय दौरे के दौरान, युवाओं को लोकतंत्र की शक्ति और नागरिक जिम्मेदारियों का महत्व समझाया गया। युवाओं ने इस अनुभव को अभूतपूर्व बताया।

तत्पश्चात युवाओं ने सवाई मानसिंह स्टेडियम में डॉ नीरज के पवन, शासन सचिव युवा कार्यक्रम में खेल मंत्रालय, राजस्थान सरकार से संवाद किया और युवाओं को उनके कर्तव्य देश प्रेम और राष्ट्र निर्माण में भागीदारी को याद रखते हुए माय भारत पोर्टल के माध्यम से विकास गतिविधियों में शामिल होने का आह्वान किया। इसके बाद युवाओं ने स्टेडियम अमर जवान ज्योतिऔर युवा आवास का भी भ्रमण किया । दोपहर के सत्र में युवाओं को जयपुर की ऐतिहासिक धरोहरों का भ्रमण कराया गया। प्रतिभागियों ने अल्बर्ट हॉल , सिटी पैलेस, हवा महल, और जंतर मंतर जैसे स्थलों का दौरा किया। अल्बर्ट हॉल : यहां संपूर्ण राजस्थान के इतिहास , महाराणा प्रताप के शौर्य और वीरगाथाओं को करीब से जानने का मौका मिला ।

सिटी पैलेसः युवाओं ने इस भव्य महल की वास्तुकला और राजपूताना संस्कृति को करीब से देखा। जंतर मंतरः खगोलशास्त्र और प्राचीन भारत के वैज्ञानिक दृष्टिकोण को समझने का यह एक अनूठा अनुभव था। हवा महलः इस ऐतिहासिक इमारत की अद्वितीय संरचना ने प्रतिभागियों को आकर्षित किया। प्रतिभागियों ने इन स्थलों की भव्यता और समृद्धि की सराहना की। प्रतिभागी ने कहाः 'यह हमारे लिए एक ऐसा अनुभव है, जिसने राजस्थानी संस्कृति के प्रति गर्व और प्रेम को और बढ़ा दिया है। ' कार्यक्रम में जिला युवा अधिकारी जयपुर पंकज यादव, सहायक निदेशक प्रदीप कुमार, माय भारत राजस्थान, जिला युवा अधिकारी मधु यादव, कुमार मधुकर, जिला युवा अधिकारी, बारां लेखन कार्यक्रम सुपरवाइजर, सुरेंद्र शर्मा लेखा एवं कार्यक्रम सहायक, प्रहलाद सैनी, मुरारी सैनी आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## भवानी मंडी पुलिस की मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ कार्रवाई

### महिला को किया 9 किलो 600 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा सहित गिरफ्तार



स्मार्ट हलचल

**भवानी मंडी।** पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक 35 वर्षीय महिला को 9 किलो 600 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा सहित गिरफ्तार किया भवानी मंडी पुलिस उप अधीक्षक प्रेम कुमार उसने बताया कि झालावाड़ जिले में जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार एवं अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक भागचंद मीणा के निर्देशानुसार जिले में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया हुआ है जिसके तहत भवानी मंडी पुलिस थाना अधिकारी प्रमोद कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया इस पुलिस टीम द्वारा गस्त के दौरान रेलवे स्टेशन के पास पीली कोठी भवानी मंडी से अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करते हुए महिला मुलजिम मंजू उर्फ प्रीति पुत्री मदनलाल पत्नी बग्गा उम्र 35 साल निवासी वार्ड नंबर 9 नीधे गुरुद्वारा शास्त्री नगर जगरांव पुलिस थाना जगराओं जिला लुधियाना पंजाब को 9 किलो 600 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चुरा सहित गिरफ्तार किया डीवाईएसपी प्रेम कुमार ने बताया कि महिला का पूर्व में भी अपराधिक रिकॉर्ड रहा है 2 वर्ष पूर्व भी मिश्रौली थाने में महिला के खिलाफ मादक पदार्थों की तस्करी का ही प्रकरण दर्ज हुआ था मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ की गई इस कार्रवाई में भवानी मंडी पुलिस थाना टीम में थाना अधिकारी प्रमोद कुमार .कांस्टेबल रविंद्र कुमार महेश कुमार .हरिराम .श्रीमती मिन ता .सुश्री दीक्षा दिनेश कुमार आदि शामिल है।

## माहेश्वरी महिला गौरव मण्डल ने 350 से अधिक तिमारदारों व मरीजों को भोजन कराया



स्मार्ट हलचल | उदयपुर

माहेश्वरी महिला गौरव मण्डल की ओर से अन्न दान महादान अभियान के तहत 'भूखे को भोजन, प्यास को पानी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षा आशा नरानीवाल ने बताया कि संरक्षक कौशल्या गट्टानी व जनक बागड़ के निर्देशन में महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय में संचालित निःशुल्क भोजनशाला में 350 से अधिक तिमारदारों व मरीजों को भोजन कराया। सचिव सीमा लाहोटी बताया कि मण्डल की सदस्यों ने तन, मन धन से सहयोग करते हुए अपने हाथो से भोजन परोसा। साथी यह संन्देश दिया थाली में उतना ही लो व्यर्थ न जाये नाली में सभी को जानकादी प्रदान की। गो-शाला में गायों को गुड व रचका भी खिलाया गया। इस अवसर पर शान्ता सोमानी, रेखा देवपुरा, रीमा सोमानी, प्राची, कला, सरिता मुन्द्रा, नीना, टीना, भावना, ललिश, कविता मंत्री, आभा सहित कई सदस्याएं मौजूद रही।

## स्वर्ण कलश चोरी का सनसनीखेज खुलासा, हिस्ट्रीशीटर समेत दो आरोपी गिरफ्तार, 10-12 लाख का कलश बरामद

स्मार्ट हलचल | चित्तौड़गढ़



कस्बा बानसेन स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर के गुंबद से चोरी हुए स्वर्ण कलश की वारदात का पुलिस ने बड़ा खुलासा कर दिया है। थाना भदेसर, जिला स्पेशल टीम और साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई में इस मामले के मुख्य हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने चोरी गया स्वर्ण कलश भी बरामद कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि 14 जनवरी को बानसेन निवासी एवं मंदिर के पूर्व पुजारी भैरू नाथ योगी ने थाना भदेसर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार 13 जनवरी की रात अज्ञात चोरों ने हनुमान मंदिर के गुंबद पर स्थापित स्वर्ण परत से बने कलश को चोरी कर लिया। सुबह जब श्रद्धालुओं को इसकी जानकारी मिली तो गांव में आक्रोश फैल गया। कलश का वजन करीब 60 ग्राम सोना और अनुमानित कीमत 10 से 12 लाख रुपये बताई गई।

घटना की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह और वृत्ताधिकारी विनोद कुमार के सुपरविजन में थानाधिकारी विनोद मेनारिया के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान मंदिर और आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। फुटेज में 14 जनवरी की तड़के 2:46 बजे तीन संदिग्ध युवक मुंह ढंके हुए मंदिर की ओर जाते और 3:57 बजे वापस लौटते दिखाई दिए।

तकनीकी विश्लेषण, रूट मैपिंग और सूचना संकलन के आधार पर पुलिस ने संदिग्धों की पहचान की। दबिशों के दबाव में 18 जनवरी की रात आरोपी चोरी किया गया स्वर्ण कलश अशोक लढ़ा के नोहरे के गेट के सामने छोड़कर फरार हो गए, जिसे पुलिस ने नियमानुसार जब्त कर लिया। बाद में सीसीटीवी और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पीछा कर मुख्य अभियुक्त मुकेश कुमार और उसके साथी दिनेश बावरी को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया।

### गिरफ्तार आरोपी

मुकेश कुमार पिता प्रभुलाल तेली (34 वर्ष) निवासीः सुथानों का मोहल्ला, बानसेन, थाना भदेसर हिस्ट्रीशीटर. पूर्व में 15 आपराधिक प्रकरण (चोरी-11, नकबजनी-1, डकैती का प्रयास-1, मारपीट-2), दिनेश बावरी पिता रामेश्वर लाल (27 वर्ष) निवासीः पिपलवास, थाना भदेसर पूर्व में 1 आपराधिक प्रकरण दर्ज।

### गांव में विरोध, हुए थे बाजार बंद

घटना के विरोध में बानसेन गांव में स्वैच्छिक बाजार बंद रखा गया। ग्रामीणों ने वाहनों से चित्तौड़गढ़ पहुंचकर अतिरिक्त जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा तथा मंदिर परिसर में सांकेतिक धरना भी दिया।

पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है और घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। धार्मिक स्थल पर हुई चोरी को लेकर पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए त्वरित कार्रवाई कर मामला सुलझाया है।

## जिला फुटबॉल संघ चित्तौड़गढ़ के दो खिलाड़ियों का राजस्थान टीम में चयन

### जिले के खेल प्रेमियों में हर्ष की लहर, जिलाध्यक्ष पूरण आंजना सहित समस्त खेल प्रेमियों ने दी शुभकामनाएं

स्मार्ट हलचल | निंबाहेड़ा

जिला फुटबॉल संघ चित्तौड़गढ़ के दो होनहार प्रतिभावान खिलाड़ियों मनदीप सिंह सोलंकी पिता सूर्यप्रकाश सिंह सोलंकी और शुभम सिंह पिता मनोज सिंह का राजस्थान टीम में चयन हुआ है। रविवार को राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा टीम की घोषणा की गई। टीम अखिल भारतीय फुटबॉल फेडरेशन द्वारा आयोजित नेशनल चैंपियनशिप संतोष ट्रॉफी-79 में भाग लेने के लिए असम रवाना हुई। जिले के दोनों फुटबॉल सितारों की इस उपलब्धि के लिए जिला



फुटबॉल संघ चित्तौड़गढ़ के अध्यक्ष पूरण आंजना, कोषाध्यक्ष मनोज पारख, जकी अहमद, मोहम्मद कुरैशी, रामकिशन चौधरी, सचिव फैसल खान, संयुक्त सचिव इफ्तेखार अहमद, धर्मेंद्र सिंह तंवर, राजेश जैन, कार्यकारिणी सदस्य मुकेश मेघवाल, रफीक खान सहित समस्त खेल प्रेमियों और शुभचिंतकों ने दोनों होनहार प्रतिभाओं को राजस्थान टीम में चयन होने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।

जिला सचिव फैसल खान ने जानकारी देते हुए बताया कि राज-स्थान फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा जयपुर में संतोष ट्रॉफी के फाइनल राउंड में राजस्थान टीम चयन के लिए राजस्थान के जिला फुटबॉल संघों के खिलाड़ियों का कैम्प लगा रखा था। इस कैम्प के माध्यम से बेहतर से बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन कर राजस्थान टीम की घोषणा की गई जिसमें जिला फुटबॉल चित्तौड़गढ़ के मनदीप सिंह और शुभम सिंह ने अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन का चयनकर्ताओं का दिल जीता और राजस्थान टीम में जगह बनाने में सफल रहे।

राजस्थान टीम असम में 21 जनवरी से आयोजित होने वाली नेशनल चैंपियनशिप संतोष ट्रॉफी के फाइनल राउंड में भाग लेने के लिए सोमवार को रवाना हुई। टीम अपना पहला मैच 21 जनवरी को उत्तराखण्ड की टीम से खेलेगी। समस्त खेलप्रेमियों ने राजस्थान टीम के बेहतर प्रदर्शन के लिए टीम को शुभकामनाएं दी।

## रोटरी क्लब डिवाइन की कमान चौथी बार कुमकुम जेटली के हाथ

### सरकारी स्कूलों में 5000 बेंच-डेस्क उपलब्ध कराना होगा पहला प्रोजेक्ट




स्मार्ट हलचल | कोटा

रोटरी क्लब डिवाइन की बोर्ड बैठक में कुमकुम जेटली को सर्वसम्मति से क्लब के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित किया गया। यह चौथा अवसर है जब उन्हें क्लब की कमान सौंपी गई है। कुमकुम जेटली आगामी 1 जुलाई 2026 से अपना कार्यकाल संभालेंगी।

बैठक में जोनल कोऑर्डिनेटर पीडीजी राजेश गुप्ता, वर्तमान अध्यक्ष मुन पालीवाल, वरिष्ठ सदस्य वी.के. जेटली सहित क्लब के सभी बोर्ड सदस्य उपस्थित रहे। सर्वसम्मति से लिए गए इस निर्णय पर सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

चौथी बार अध्यक्ष निर्वाचित होने पर कुमकुम जेटली ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में सेवा कार्यों का विस्तार करना रहेगा। उन्होंने बताया कि प्रथम प्रोजेक्ट के रूप में शहर के राजकीय विद्यालयों में फर्नीचर उपलब्ध कराया जाएगा, जिसके अंतर्गत लगभग 5000 बेंच-डेस्क विद्यालयों को भेंट किए जाएंगे।

इस अवसर पर क्लब के वरिष्ठ सदस्य वी.के. जेटली ने नवनिर्वाचित जोनल कोऑर्डिनेटर पीडीजी राजेश अग्रवाल का माल्यार्पण कर सम्मान किया। वहीं क्लब की सभी सदस्यों ने कुमकुम जेटली को माला एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## निःशुल्क चिकित्सा जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित



स्मार्ट हलचल | ओम जैन

**शंभूपुरा।** भगवान महावीर मानव सेवा समिति चित्तौड़गढ़ एवं पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार 19 जनवरी को निःशुल्क चिकित्सा जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। अध्यक्ष राजेंद्र दोशी सचिव रोशन लाल लोढ़ा, उपाध्यक्ष नवीन पटवारी, भाजपा नगर अध्यक्ष सुदर्शन रामपुरिया, बसंतीलाल मेहता, अशोक सेठिया, नवनीत मोदी, चांदमल बोकड़िया ने दीप प्रज्जवलित कर शिविर का शुभारंभ किया। अध्यक्ष द्वारा संस्था की जानकारी एवं स्वागत उदबोधन के पश्चात सचिव ने समिति की कार्यों की जानकारी दी।

नवनीत मोदी ने बताया कि शिविर में लगभग 61 व्यक्तियों का उपचार परामर्श कर निःशुल्क दवा वितरित की गई। कुछ व्यक्तियों को ऑपरेशन हेतु उदयपुर भिजवाए गया। कार्यक्रम का संचालन महिला सदस्या मधु मठ्ठा एवं महावीर महिला मंडल की अध्यक्षता कल्पना मेहता ने किया। मानव सेवा द्वारा शिविर का आयोजन सैंती स्थित भगवान महावीर फिजियोथैरेपी सेंटर पर किया गया।

## पासपोर्ट पुनः जारी में आ रही तकनीकी दिक्कतों पर क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय कोटा ने जारी की एडवाइजरी, डिजिलॉकर दस्तावेज़ भी अब मान्य

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय कोटा ने पासपोर्ट पुनः जारी (रि-इशू) कराने वाले आवेदकों के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी कोटा यशवंत माठे ने बताया कि कार्यालय के संज्ञान में आया है कि कोटा संभाग के अंतर्गत आने वाले जिलों भीलवाड़ा, बारां, झालावाड़, राजसमंद, चित्तौड़गढ़, सवाई माधोपुर, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, बांसवाड़ा, बूंदी, उदयपुर एवं सलूम्बर के कई आवेदकों को पासपोर्ट सेवा पोर्टल पर आवेदन करते समय तकनीकी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसमें पुनः जारी आवेदन के दौरान कुछ आवेदकों को पोर्टल पर क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय (आरपीओ) कोटा के स्थान पर आरपीओ जयपुर दिखाई दे रहा है, जिससे कोटा एवं उदयपुर के पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीएसके) और पोस्ट ऑफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीओपीएसके) की सूची उपलब्ध नहीं हो पा रही है। इस समस्या का मुख्य कारण पुराने लॉगिन आईडी का उपयोग बताया गया है। कार्यालय ने निर्देश दिए हैं कि पासपोर्ट के पुनः जारी हेतु आवेदन करने वाले सभी आवेदक नई यूजर आईडी, यूज़रनेम एवं पासवर्ड के साथ नया पंजीकरण ( रजिस्ट्रेशन /साइन-इन) अनिवार्य रूप से करें। केवल नए लॉगिन के माध्यम से ही आवेदक आरपीओ कोटा का सही चयन कर सकेंगे और संबंधित पीएसके व पीओपीएसके की सूची देख पाएंगे। पुराने अकाउंट से आवेदन करने पर तकनीकी समस्या उत्पन्न हो सकती है।

सके साथ ही आरपीओ कोटा ने यह भी जानकारी दी है कि अब डिजिलॉकर (डिजी-लॉकर) में उपलब्ध दस्तावेज़ पासपोर्ट आवेदन प्रक्रिया के दौरान दस्तावेज़ सत्यापन के लिए मान्य होंगे, जैसा कि वर्तमान दिशा-निर्देशों में प्रावधानित है। अतः आवेदकों से आग्रह किया गया है कि आवेदन करते समय डिजिलॉकर का एक्सेस अवश्य प्रदान करें।

श्री मांठे ने महत्वपूर्ण अपील करते हुए कहा कि सामान्यतः आवेदक पासपोर्ट प्राप्त किए बिना ही पहले यात्रा टिकट बुक कर लेते हैं और बाद में अपनी अर्जेंसी बताते हुए प्रक्रिया शीघ्र करने का अनुरोध करते हैं। जबकि टिकट बुक होना कोई अत्यावश्यक स्थिति नहीं मानी जाती। इसलिए नागरिकों से अनुरोध है कि पहले पासपोर्ट प्राप्त करें, उसके बाद ही यात्रा टिकट बुक करें। अधिक जानकारी के लिए आवेदक क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, कोटा से संपर्क कर सकते हैं, आधिकारिक पासपोर्ट सेवा पोर्टल पर विज़िट कर सकते हैं।

## क्षत्रिय स्वर्णकार सेवा समिति के चुनाव सम्पन्न दीपक सोनी अध्यक्ष निर्वाचित



स्मार्ट हलचल

**भवानीमंडी।** रविवार को शीतला माता मंदिर, राधेश्याम मंदिर गली, भवानीमंडी में क्षत्रिय स्वर्णकार सेवा समिति के चुनाव शांतिपूर्ण एवं सर्वसम्मति से सम्पन्न हुए।

चुनाव में दीपक सोनी (गणपति ज्वैलर्स) को सर्वसम्मति से समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

चुनाव प्रक्रिया के प्रभारी अशोकजी सोनी (अम्बिका ज्वैलर्स) रहे। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन नाथूलालजी सोनी, अशोकजी सोनी (रामपुरावाले), सत्यनारायणजी सोनी (वलीवाले), कैलाशजी सोनी, तरुण सोनी (सुभाष बांचे), चन्द्रशेखरजी सोनी हरीश सोनी बिहारी लाल सोनीसहित समाज के सभी बुजुर्ग एवं युवा वर्ग की गरिमामयी उपस्थिति रही।

सभी उपस्थितजनों का योगदान सराहनीय रहा। अध्यक्ष पद पर मनोनीत होने के बाद दीपक सोनी ने समाज के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे समाज की उन्नति एवं सभी परिवारों के सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहेंगे तथा तन, मन और धन से समाज सेवा करेंगे।

## दिगंबर जैन सोशल ग्रुप अतिवीर ने एमबीएस मे किया सेवाकार्य



स्मार्ट हलचल | कोटा

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप अतिवीर, कोटा द्वारा मानवीय सेवा के प्रकल्प के तहत एमबीएस चिकित्सालय के कैंसर विभाग, कोबाल्ट थेरेपी यूनिट, डे-केयर यूनिट, ओपीडी, मेडिकल वार्ड एवं न्यूरो वार्ड में उपचाररत रोगियों को फल वितरित किए गए। अध्यक्ष मनोज पाटनी ने बताया कि दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के संस्थापक अध्यक्ष प्रदीप सिंह कासलीवाल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित अमृत महोत्सव सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत यह सेवा कार्य किया गया।

इस अवसर पर कैंसर विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आर.के. तंवर को मरीजों की सुविधा हेतु दो ग्लूकोमीटर एवं एक बीपी इंस्ट्रूमेंट भी भेंट किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिवीर ग्रुप कोटा के अध्यक्ष मनोज–मैना पाटनी ने कहा कि 'सेवा ही जैन धर्म का मूल है। अतिवीर ग्रुप समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुँचाने के लिए निरंतर संकल्पबद्ध है। 'कार्यक्रम में उपस्थित दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के राष्ट्रीय अतिरिक्त महासचिव जे.के. जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि 'दिगंबर जैन सोशल ग्रुप का प्रत्येक सदस्य सेवा, संस्कार और समाज निर्माण के उद्देश्य से कार्य कर रहा है। इस अवसर पर कैंसर विभागाध्यक्ष डॉ. आर.के. तंवर ने अतिवीर ग्रुप के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि 'सामाजिक संस्थाओं का सहयोग अस्पतालों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। इस सेवा कार्यक्रम में फेडरेशन के राष्ट्रीय अतिरिक्त महासचिव जे.के. जैन, ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष निकुंज जैन, रविन्द्र लुहाड़िया, राजकुमार लुहाड़िया, नितेश शाह, महावीर जैन, प्रमोद जैन,पारस काला, महेश जैन सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

## औदिच्य ब्राह्मण समाज पाणुन्द की जनरल मीटिंग सम्पन्न, सामाजिक मामलों पर लिए गए अहम निर्णय

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

लक्ष्मीनारायण मंदिर औदिच्य ब्राह्मण समाज पाणुन्द की जनरल मीटिंग का आयोजन पाणुन्द स्थित औदिच्य समाज के नोहरे में किया गया। बैठक की अध्यक्षता समाज अध्यक्ष लक्ष्मीलाल डूंगावत ने की। बैठक में समाज सुधार से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई और कई महत्वपूर्ण निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए। औदिच्य समाज में बहू की कथित दहेज प्रताड़ना के मामले में सास की मौत के बाद जिला स्तरीय बैठक में लिए गए निर्णयों के तहत अब प्रत्येक क्षेत्र में नियमित जनरल मीटिंग आयोजित कर सामाजिक मामलों को पंचों के संज्ञान में लाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। रविवार को हुई पाणुन्द की जनरल मीटिंग में समाज के पंचों के समक्ष दो परिवार अपने-अपने मामले लिखित रूप में लेकर पहुंचे। पहले मामले में पति-पत्नी के बीच करीब आठ वर्षों से चल रहे विवाद, दहेज प्रताड़ना और मारपीट का विषय रखा गया। दूसरे मामले में नाता प्रथा के तहत दूसरी जगह गई महिला द्वारा पहली शादी से जुड़ा सामान वापस नहीं करने का मुद्दा सामने आया। दोनों प्रकरणों पर पंचों ने गंभीरता से चर्चा करते हुए संबंधित बैठक को लिखित रूप में भेजकर समाधान की प्रक्रिया आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। बैठक में एक अहम सामाजिक निर्णय लेते हुए समाजजनों ने वर्ष में एक दिन का अपना वेतन लक्ष्मीनारायण ठाकुर जी मंदिर को अर्पित करने की घोषणा की। साथ ही लक्ष्मीनारायण ठाकुर जी मंदिर के जीर्णोद्धार का भी सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। औदिच्य समाज ट्रस्ट का विस्तार करते हुए हर फलां से समाजजन के दो मेंबर को लिया गया। मीटिंग में औदिच्य समाज द्वारा लक्ष्मीनारायण युवा परिषद की नवीन कार्यकारिणी का सम्मान किया गया। दोपहर 2 बजे शुरू हुई बैठक विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर देर शाम तक चली। बैठक की समाप्ति के बाद पाणुन्द बैठक के पंच मेवल की प्रसिद्ध शक्तिपीठ ईडाणा माताजी पहुंचे, जहां दर्शन कर औदिच्य समाज में शांति की कामना की गई।



## चेक अनादरण पर तीन माह की सजा व 70 हजार जुर्माना

**चित्तौड़गढ़।** अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट संगीता मोगा ने चेक अनादरण के आरोपी को दोषी मानते हुए 70 हजार रुपये जुर्माना और 3 माह के कारावास की सजा सुनाई है।

जानकारी के अनुसार शाकिर पिता जाकिर हुसैन निवासी पन्ना धाय बस स्टेंड के पीछे गांधीनगर चित्तौड़गढ़ ने अपने अधिवक्ता तनवीर खान के माध्यम से न्यायालय में परिवाद पेश कर बताया कि श्रीकांत पिता देवीलाल बैरवा निवासी बैरवा मोहल्ला पानी की टंकी के पास प्रतापनगर मीठाराम जी का खेड़ा चित्तौड़गढ़ ने अपने घरेलू खर्च एवं कर्ज अदायगी के लिए 50 हजार रुपए नगद उधार लिए, जिसकी अदायगी के लिए उसने अपने पंजाब नेशनल बैंक शाखा प्रतापनगर स्थित अपने खाते का एक चेक दिया। चेक को निर्धारित तिथि का भुगतान के लिए बैंक में प्रस्तुत करने पर खाते में अपर्याप्त राशि के चलते अनादरित हो गया।

# आजादी के 78 वर्षों बाद भी चौरू से रहमान नगर सड़क मार्ग डामरीकरण का इंतजार

## रहमान नगर मार्ग बारिश के समय में करीब तीन-चार माह के लिए बंद

## जनसुनवाई में कई बार ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों को भी अवगत कराया, लेकिन अभी तक नहीं कोई समाधान।

स्मार्ट हलचल

**नगर फोर्ट।** उनियारा उपखंड के चौरू पंचायत के अन्तर्गत चौरु से रहमान नगर ढाणी में जाने वाले आम रास्ते आजादी के 78 वर्षों बाद भी डामरीकरण नहीं होना क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि की उपेक्षा का शिकार बना हुआ है यह मार्ग लोगों को बारिश के दिनों में यहां पर आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार बारिश के मौसम में करीब तीन,चार माह के लिए रास्ता पूरी तरह से बंद हो जाता है ,बारिश के मौसम में रहमान नगर की छात्र छात्राओं को राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय में अध्ययन के जाने के लिए काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़



रहा है। चौरु जाने के लिए रहमान नगर के लोगों का संपर्क पूरी तरह से टूट जाता है,बारिश के समय पुरी तरह से आवागमन बंद हो जाता है।बारिश में लोगों को निजी कार्यों के लिए एवं चौरु जाने के लिए काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है रहमान नगर निवासियों के लिए तो यह एक मार्ग है वो एक तरह से बंद होने पर काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार क्षेत्रीय विधायक को भी सड़क मार्ग के डामरीकरण कराने की मांग की गई लेकिन परिणाम वही ढाक के तीन पात रहा। लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि द्वारा ध्यान नहीं दिया नहीं दिया जाना एक तरह से जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा को दर्शा रहा है। प्रशासन गांव के संग अभियान में भी कई बार चौरु पंचायत के ग्रामीणों ने चौरू से रहमान नगर सड़क मार्ग के डामरीकरण कराने की मांग की गई थी लेकिन अभी तक उस पर भी किसी तरह का कोई अमल होता दिखाई नहीं दे रहा है । यह मार्ग रहमान नगर ग्राम वासियों के लिए काफी उपयोगी है। लोगों ने कहा कि रहमानगर की सड़क मार्ग नहीं होने से आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आजादी 78 वर्षों बाद में भी नई सड़क मार्ग नहीं बन पाई है।करीब चार-पांच किलोमीटर का यह मार्ग पूरी तरह से ऊबर खाबड़ रास्तों में तब्दील हो गया है । बारिश के मौसम में बारिश का पानी भरा होने के कारण इस मार्ग पर पैदल चलना भी दुश्वार हो जाता है। ग्रामीणों ने इससे संबंधित विभाग एवं जनप्रतिनिधियों से जल्द से जल्द डामरीकरण रोड का निर्माण करवाने की मांग की है।

### रहमान नगर के ग्रामीणों ने कई बार लगाईं गुहार

बारिश के समय तो छात्र छात्रों का अध्ययन कार्य पुरी तरह से ठप हो जाता है। लोगों ने दो तीन बार क्षेत्रीय विधायक राजेंद्र गुर्जर,वर्तमान सांसद रहे हरीश मीणा, और वर्तमान विधायक राजेंद्र गुर्जर से भी डामरीकरण सड़क मार्ग बनाने की मांग की गई। लेकिन सिर्फ आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला।

# थार कार सहित शान्ति भंग मे पकड़े आरोपियो ने कार सवारो से की थी लूट

स्मार्ट हलचल

उनियारा पुलिस ने शांति बैंक के आरोप में बिना नंबर थार गाड़ी सहित सवाई माधोपुर के पांच हथियारबड़ बदमाशों को शनिवार को गिरफ्तार किया बदमाशों से शक्ति से पूछताछ में चौथ का बरवाड़ा में 50 हजार नगद और सोने के जेवर लूट की वारदात कबूल कर ली। पांचो को उपखंड मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया, जहां से सभी को जमानत देकर चौथ का बरवाड़ा पुलिस को सौंप दिया। एएसआई रतनलाल मीणा ने बताया कि सवाई माधोपुर थाना कुडेरा उलीयाणा निवासी रामकेश मीणा पुत्र भैरूलाल मीणा ने चौथ का बरवाड़ा पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

16 जनवरी को रिश्तेदारी में बंधा गांव गए रामकेश रामस्वरूप पुत्र सोकरण और भारमल पुत्र हनुमान मीणा स्विफ्ट डिजायर कार से लौट रहे थे। आदलवाडा शराब



ठेके के पास बजरिया सवाई माधोपुर निवासी बहादुर सिंह, माउंट टाउन निवासी गणपत घाटी, हेमेंद्र सिंह, ऋषि कुमार बिहारी और सूरवाल निवासी राजकुमार पुत्र रामदयाल मीणा ने धार से उनकी कार को रोक ली। बदमाशों ने कार में तोड़फोड़ कर मारपीट की ओर गिरधरपुर जंगल ले गए। सरपंच बाबूलाल मीणा से 50 हजार ऑनलाइन रामकेश से 22 हजार भाामल से 24 हजार रामस्वरूप से 18 हजार नगद और 2 हजार फोन पर डलवा लिए। रामस्वरूप की सोने की चेन व अंगूठी छीन ली। पोस्टल,कटर, चाकू, लोहे के पाइप व सरिया से धमकी दी कि पुलिस में गए तो जान से मार देंगे।

# नाम बदला, हालात नहीं : म रोज 300 से ज्यादा ओपीडी वाला मेड़ता रोड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आज भी बदहाल

स्मार्ट हलचल

**मेड़ता रोड।** लगभग दो वर्ष पूर्व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में क्रमोन्नत किए जाने के बावजूद मेड़ता रोड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आज भी मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं में अपेक्षित सुधार तो दूर, आज भी यह केंद्र जर्जर भवन और सीमित संसाधनों के सहारे ही संचालित हो रहा है।

सीएचसी का दर्जा मिलने के बाद जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति, जांच सुविधाओं का विस्तार और बेहतर आधारभूत ढांचे की उम्मीद थी, वहीं हकीकत इसके बिल्कुल उलट नजर आ रही है। केंद्र में न तो पर्याप्त जांच सुविधाएं उपलब्ध हैं और न ही आधुनिक चिकित्सा उपकरण। मरीजों को सामान्य जांचों के लिए भी निजी लैब का सहारा लेना पड़ रहा है।



### 300 मरीजों की ओपीडी, लेकिन सुविधाएं नदारद

मेड़ता रोड सीएचसी में प्रतिदिन औसतन करीब 300 मरीज ओपीडी में पहुंचते हैं, जिनमें आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीज भी शामिल हैं। इसके बावजूद यहां न तो आवश्यक जांचें नियमित रूप से हो पा रही हैं और न ही आपातकालीन सेवाओं का समुचित प्रबंध है। कई बार मरीजों को गंभीर स्थिति में नागौर या जोधपुर रेफर करना पड़ता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सीएचसी बनने के बाद केवल नाम बदला है, कामकाज और व्यवस्थाएं आज भी पीएचसी जैसी ही हैं। न तो भवन का विस्तार हुआ और न ही जर्जर संरचना की मरम्मत की गई।

### जर्जर भवन बना खतरा, कंडम घोषित

स्वास्थ्य केंद्र का भवन काफी पुराना और क्षीण अवस्था में है। बरसात के मौसम में छत से पानी टपकने और दीवारों में दरारें आने की शिकायतें आम हैं। मरीजों और उनके परिजनों को असुविधा के साथ-साथ सुरक्षा का भी खतरा बना रहता है। उल्लेखनीय है कि मेड़ता उपखंड अधिकारी पूनम चोयल ने कुछ महीनों पूर्व निरीक्षण के दौरान इस भवन को कंडम घोषित कर दिया था, इसके बावजूद अब तक न तो वैकल्पिक व्यवस्था की गई और न ही नए भवन निर्माण की दिशा में कोई ठोस कदम उठाया गया।

### स्थानीय लोगों में रोष

क्षेत्रवासियों ने कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। लोगों का कहना है कि सरकार ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की बात करती है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है।

# उनियारा माली समाज ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर दिया ज्ञापन

## माली समाज के वरिष्ठ जनों के द्वारा उनियारा उपखंड कार्यालय पर मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को दिया ज्ञापन

स्मार्ट हलचल

**उनियारा/टोंक।** माली, सैनी, कुशवाहा ,मौर्य, सुमन समाज आरक्षण से संबंधित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर विगत कहीं दिनों से ज्ञापन दिया जा रहा है पिछले वर्ष भी आरक्षण को लेकर रैली सभा के माध्यम से पिछली सरकार को अवगत कराया है लेकिन सरकार ने कुछ मांगों को मानकर बाकी,समाज की मांगों को स्वीकार नहीं किया है उन 11 मांगों के संबंध में बार-बार सरकार को ज्ञापन के माध्यम से सूचित किया जा रहा है समाज के द्वारा अपनी मांगों को लेकर प्रदेश भर में आरक्षण संघर्ष समिति राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सैनी व माली समाज द्वारा सोमवार ज्ञापन दिया जा रहा है।

आरक्षण संघर्ष समिति राजस्थान के तत्वाधान में 25 फरवरी 2026 को विधानसभा घेराव कर पूरे राज-स्थान में जन आंदोलन का प्रस्ताव रखा है इसी को लेकर आज प्रदेश भर में जिला, उपखंड क्षेत्र में 11 मांग



सूत्रीय ज्ञापन दिया गया। उनियारा माली समाज के वरिष्ठ जनों के द्वारा उनियारा उपखंड कार्यालय पर मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया गया, उपखंड अधिकारी मौजूद नहीं होने से नायब तहसीलदार को ज्ञापन दिया गया। जिनमें उनकी मांगे हैं 1.सैनी ,माली, कुशवाहा, मौर्य ,सुमन समाज को अलग से 12% आरक्षण दिया जाए , 2. सरकार द्वारा गठित महात्मा फुले बोर्ड को देवनारायण बोर्ड के तर्ज पर वित्तीय व प्रशासनिक अधिकारी दिए जावे और पदाधिकारी को नियुक्तियां तुरंत प्रभाव से किया जाए , 3 महान संत श्री लिखमी दास जी महाराज की जन्मस्थली मंदिर नागौर को राष्ट्रीय स्मारिक घोषित किया जाए ,4.भारतीय सेना में सैनी रेजीमेंट का गठन किया जावे,5. महात्मा ज्योतिबा फुले दंपति को भारत रत्न से सम्मान दिया जावे, 6. आंदोलन के दौरान सरकार के द्वारा दर्ज मुकदमों को वापस लिया जावे,7. सैनी, माली, कुशवाहा समाज के लोगों की सुरक्षा हेतु एससी ,एसटी अधिनियम के तर्ज पर विशेष सूचना कानून बनाया जाए,8. महात्मा फुले दंपति का संग्रहालय का निर्माण किया जावे,9. सैनी ,माली ,कुशवाहा समाज के लिए अलग से बागवानी विकास बोर्ड का गठन हो,10. सैनी ,माली,कुशवाहा समाज के बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए महात्मा फुले फाउंडेशन का निर्माण करें ,11.राज्य सरकार के द्वारा विकसित विकसित की जा रही फल सब्जी और अनाज मंडी में हमारे समाज को प्राथमिकता के आधार पर दुकान व जगह आवंटित किया जावे।

इन सभी मांगों को लेकर माली समाज ने ज्ञापन दिया जिसमें समाज से समरसता मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सैनी, गोपाल सैनी, बर्दी चंद सैनी, किशन सैनी, लक्ष्मी नारायण सैनी, हीरा लाल सैनी, शंकर लाल सैनी, जगदीश सैनी, शंकर सैनी, हनुमान सैनी, सत्यनारायण सैनी, लादू लाल सैनी, बाबू लाल सैनी,नरेंद्र सैनी, परशुराम सैनी, पप्पू लाल सैनी, सुरेश सैनी, मनोज सैनी,दीपक सैनी, अशोक कुमार सैनी, प्रभु लाल सैनी, आसाराम आदि कहीं समाज के व्यक्ति मौजूद थे।

# पीएमश्री स्कूल राहोली में वार्षिक उत्सव व लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित



स्मार्ट हलचल

**जयपुर-निवाई।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोली में वार्षिक उत्सव, वार्षिक खेल उत्सव व स्वर्गीय कल्याणमल अटल स्मृति हॉल मय बरामदे, पीएमश्री मद के विकास कार्यो का लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

मुख्य अतिथि निवाई पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि विद्यालय के शैक्षणिक विकास कार्य सराहनीय है, राहोली के शिक्षक व विद्यार्थी शिक्षा क्षेत्र में अच्छा काम कर रहे है। इस अवसर पर विद्यालय के भामाशाह अटल बन्धुओं की बड़ी बड़ी की।

प्रधानाचार्य डॉ.योगेन्द्र सिंह नरूका ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निवाई पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा, अखिल भारतीय रैगर महासभा टोंक जिलाध्यक्ष शंकर लाल हाथीवाल, जिला परिषद सदस्य रामजीलाल बैरवा, पंचायत समिति सदस्य शंकर लाल अटल, पूर्व सरपंच गुन्सी शंकर लाल सैनी, प्रशासक राहोली फूला देवी, पूर्व सरपंच राहोली कमलेश चावला, राकेश मीना हनौतिया, सेवानिवृत्ति पूर्व प्रधानाध्यापक पांचूलाल बैरवा, चतरपाल सिंह राजावत, प्रकाश जैन, संदीप सिंह राजावत सेवानिवृत्त मुख्य प्रबंधक ग्रामीण बैंक बाबूलाल खमौखरिया, बबलेश वर्मा, ताराचंद मण्डरावलिया, नारायण माछलपुरिया, मदन लाल नोगिया, रूपनारायण खोलिया रहे। कार्यक्रम में सौ से अधिक प्रतिभाओं के साथ भामाशाह अटल बन्धु-मुकेश कुमार अटल, शंकर लाल अटल व राकेश कुमार अटल को पितृ स्मृति में स्थानीय विद्यालय में हॉल मय बरामदा निर्माण के लिए सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विधालय स्टाफ प्रेमचंद, सांवरलाल, जयनारायण मीणा, प्रधानाध्यापिका गणेशी, गोरी शंकर चौधरी, चंदा लाटा, गुलाब, भंवर, दिनेश सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# मंदिरों के पुजारियों को सुरक्षा प्रदान करने की मांग

**चित्तौड़गढ़।** वैष्णव समाज ने धामनिया जागीर के पुजारी के साथ मारपीट के दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने और इस वर्ग के पुजारियों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ इस संबंध में कठोर कानून बनाए जाने की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम जिला कलक्टर को ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में बताया कि गत 31 दिसम्बर को सुबह को करीब 8 बजे के आस पास मौजा धामनिया जागीर में स्थित चारभुजा, लक्ष्मीनारायण मंदिर के पुजारी भंवरदास पिता किशनदास बैरागी सेवा पूजा कर वापस अपने घर जाने के लिए निकले ही थे कि वहां पर हम सलाह होकर कुछ लोगों द्वारा उनसे मारपीट की गई। इसी प्रकार मंदिर की जमीन के लिए पुजारी समाज के अन्य लोगों के साथ भी बदसलुकी की जाती है। इस पर ठोस कानून नही होने से एकजुट होकर पुजारी पर भिन्न-भिन्न प्रकार से दबाव बनाया जाता है। पुजारियों के भरण-पोषण के लिए दी गई मंदिर की डोली की (जमीन) को गांव के दबंग लोगों द्वारा दादागिरी के बल पर हथियाने का प्रयास किया जाता है। ज्ञापन में इन पुजारी परिवारों के सुरक्षा को लेकर कठोर कानून बनाने की मांग की गई, जिससे यह बिना दबाव के मंदिरों में भगवान की पूजा-अर्चना कर सके।

ज्ञापन सौपने के दौरान एडवोकेट जगदीश वैष्णव, रमेश वैष्णव ठीकरिया, कन्हैयालाल वैष्णव बानसेन, मनोज वैष्णव नाडोलिया, उदयदास, सुधीर वैष्णव, जगदीश वैष्णव, ओम प्रकाश वैष्णव, मनोहर वैष्णव दुर्ग, साजन वैष्णव, भंवर दास, श्यामलाल वैष्णव पत्रकार, जगदीश पंचदेवला आदि समाजजन मौजूद रहे।

# दिल्ली से करौली जाते समय कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत, गूंजे नारे

स्मार्ट हलचल

**मंडावर।** राजस्थान कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा एवं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली का दिल्ली से करौली जाने के दौरान मंडावर पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ऐतिहासिक और भव्य स्वागत किया। कार्यकर्ताओं के भारी हुजूम और जबरदस्त जोश के कारण मंडावर का भूड़ा मोड़ पूरी तरह कांग्रेस के रंग में रंगा नजर आया। जैसे ही डोटासरा का काफिला मंडावर शहर के भूड़ा मोड़ पर पहुंचा। जहां कांग्रेस पूर्व जिला परिषद सदस्य रोशन हवलदार व कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष जिला अभियोग हरिकिशन लोठा के नेतृत्व मे पहले से मौजूद सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने 'गोविंद डोटासरा जिंदाबाद' और 'कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद' के नारों के



साथ उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया। कार्यकर्ताओं ने डोटासरा को पुष्पमाला पहनाई और पारंपरिक साफा बांधकर उनका सम्मान किया। इस दौरान ढोल-नगाड़ों की थाप पर उत्साहित कार्यकर्ता झूम उठे और क्षेत्र में जमकर आतिशबाजी की गई। जहां कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डोटासरा ने कहा कि कार्यकर्ताओं का यह प्रेम और जोश ही पार्टी की असली पूंजी है। उन्होंने आगामी चुनावी और राजनीतिक चुनौतियों के लिए सभी को एकजुट होकर मैदान में डटने का आह्वान किया।

इसके बाद पूर्व विधायक हुडला के निज निवास रामकुटि उकरूंद पर दिल्ली से करौली जाते समय प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा व नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली का सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व विधायक ओमप्रकाश हुडला के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा माला व साफा एवं भीमराव अंबेडकर की तस्वीर भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया। स्वागत कार्यक्रम के बाद डोटासरा का काफिला करौली के लिए रवाना हो गया। इस मौके पर रामेश्वर पंडित हिंगोटा, तारा पुजारी मंडावर, राम बनावड, ललित उप सरपंच गढ़ी, रामकिशन पीटीआई, आदित्य, महवा विधानसभा प्रभारी देशराज पहाड़िया,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महवा अध्यक्ष दिनेश पाटोली, मंडावर अध्यक्ष रामहरि मीना, मनी समलेटी यूथ कांग्रेस अध्यक्ष, लाजपत तंवर एनएसयूआई अध्यक्ष, सेवादल अध्यक्ष गबरूदीन समलेटी, बबलू सैनी, अशोक बैरवा पाखर सहित सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# ऊकरूंद में मदनदास महाराज की पुण्यतिथि पर श्रीमद् भागवत कथा का समापन

## आज विशाल भंडारा और सुड्डा दंगल में जुटेंगे दिग्गज

## मंत्री किरोड़ी लाल मीणा व विधायक राजेंद्र मीणा होंगे शामिल

स्मार्ट हलचल

**मंडावर।** उपखंड क्षेत्र के समीपवर्ती गांव ऊकरूंद में भक्ति और लोक संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। यहाँ श्री मदनदास महाराज की पुण्यतिथि के पावन उपलक्ष्य में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का मंगलवार को विधि-विधान के साथ समापन होगा। 13 जनवरी से प्रारंभ हुए इस सात दिवसीय आध्यात्मिक अनुष्ठान के दौरान क्षेत्र भक्ति रस में सराबोर रहा। मंगलवार, 20 जनवरी को कथा की पूर्णाहुति के साथ ही मीन भगवान मंदिर परिसर में भव्य भंडारे का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें पूरे गांव सहित आसपास के क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करेंगे। आयोजन को भव्य रूप देने के लिए ग्रामीणों द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं।कथा के समापन के साथ ही गांव में दो दिवसीय सुड्डा दंगल का विशेष आयोजन किया जाएगा, जो क्षेत्र के लोगों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा। इस दंगल में सुड्डा गायको की अनेकों पार्टियां अपनी कला का प्रदर्शन करेंगी, जिनके बीच रोचक मुकाबला देखने को मिलेगा। इस बड़े आयोजन में प्रदेश के कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा और महवा विधायक राजेंद्र मीणा अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। राजनेताओं के आगमन और दंगल की लोकप्रियता को देखते हुए प्रशासन और मंदिर कमेटी ने सुरक्षा व बैठक व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं। महाराज की पुण्यतिथि पर आयोजित इस वार्षिक उत्सव को लेकर ऊकरूंद सहित पूरे मंडावर क्षेत्र में भारी उत्साह बना हुआ है।

# हमारे देवता मानव शरीर में बने कमलों में ही विराजमान हैं-संत रामपाल जी महाराज

### एकदिवसीय सत्संग भीनमाल में आयोजित

स्मार्ट हलचल

**भीनमाल।** फाफ़रिया हनुमान जी मंदिर मेंआयोजित एक दिवसीय आध्यात्मिक सत्संग में संत रामपाल जी महाराज जी ने बहुत ही गूढ़ रहस्य आध्यात्मिक ज्ञान उजागर किया है। उन्होंने सुक्ष्म वेद का हवाला देते हुए समझाया कि देवताओं को बाहर ढूंढने की आवश्यकता नहीं है वे हमारे शरीर के भीतर बने कमलों (चक्रों) में ही विराजमान है।

मानव शरीर को पवित्र शास्त्रों में 'जीवित मंदिर' कहा गया है। जिसको पाने के लिए स्वर्ग के देवता



भी तरसते है, क्योंकि मोक्ष का द्वार मानव शरीर ही है। इस मंदिर के भीतर अनेक कमल स्थित हैं–मूल कमल से लेकर सहस्रार कमल तक। इन कमलों को प्रथम मंत्र की साधना द्वारा खोला जाता है।

संत रामपाल जी महाराज जी बताते हैं कि जब तक पूर्ण गुरु (तत्वदर्शी संत) से नाम दीक्षा लेकर विधिवत साधना नहीं की जाती, तब तक इन कमलों का रहस्य समझ में नहीं आता संत रामपाल जी महाराज जी के अनुसार, अधूरी साधना मनुष्य को केवल भ्रम में रखती है, जबकि पूर्ण तत्वज्ञान आत्मा को उसके वास्तविक घर सतलोक की ओर ले जाता है। जब साधक गुरु मर्यादा में रहकर नाम-सुमिरन करता है, तब धीरे-धीरे शरीर के अंदर स्थित कमल खुलते है।

आज लाखों श्रद्धालु संत रामपाल जी महाराज जी के बताए सतमार्ग पर चलकर नशामुक्त, दहेजमुक्त और नैतिक जीवन अपना रहे हैं। उनके सत्संग न केवल आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग दिखाते हैं, बल्कि सामाजिक सुधार का भी सशक्त माध्यम बन रहे हैं। यह कहना गलत नहीं होगा कि तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज जी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि देवता की खोज बाहर मंदिरों में नहीं, भीतर करनी है। हमारे शरीर के कमलों में विराजमान परमात्मा को पहचानकर ही मानव जीवन का वास्तविक उद्देश्य पूर्ण हो सकता है सत्संग में अजयराम, रामजीराम, भावेश भाई दहिया, तेजाभाई पुरोहित, छोगाराम माली, दानाराम माली, पुखराज सेन, पारस, गोपीदास, जुठाराम, मंसाराम रानीवाड़ा, जैसादास, कानदास, अजयदास, जानवी, योगिता, एवनदास, उषा, माया, नीता, पारो, शांति, पवनी, शांतिदास, मोहिनी, मतरा एवं संत श्री रामपालजी महाराज के भीनमाल एवं आसपास ग्रामीण क्षेत्रों के अनुयाई मौजूद थे!

# नगर पालिका चुनावः आरएलपी का सघन जनसंपर्क अभियान



### कई लोगों ने ली पार्टी की सदस्यता।

स्मार्ट हलचल

**मेड़ता रोड।** नगर पालिका चुनाव को लेकर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी ('रक्त) द्वारा सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान मेड़ता की पूर्व विधायिका इंदिरा बावरी ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर घर-घर संपर्क कर आमजन को पार्टी की नीतियों से अवगत कराने का आह्वान किया। यह कार्यक्रम मेड़ता रोड की एक प्रतिशिष्ठ होटल में आयोजित किया गया।

अभियान में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। जनसंपर्क के दौरान पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर दर्जनों लोगों ने 'रक्तकी सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर रामेश्वर पुनिया, मुन्ना लाल लटियाल, मोहम्मद आरिफ उर्फ भूरा, नरेंद्र कुमार डामेर, फैसल खान सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पार्टी नेताओं ने एकजुटता और जनसमर्थन के बल पर नगर पालिका चुनाव में मजबूत प्रदर्शन का दावा किया।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com